रांची, बुधवार, 8 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 9- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 123 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ►► स्मार्ट वर्क, क्विक सक्सेस

लोग आपकी उपलब्धियां भूल जाते हैं रोहित-विराट के समर्थन में उतरे युवी ◄◄ 6


## पत्नी की हत्या कर बेड बॉक्स में डाली लाश, यू-ट्यूब देखकर शव को काटा और सुनसान जगह पर फेंका



**दिल्ली :** डाबड़ी थाना इलाके में 29 दिसंबर को पत्नी की हत्या करने के बाद शव को बेड में छिपाने वाले आरोपी धनराज उर्फ लल्लू को द्वारका जिला पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने और दूसरी हत्या की साजिश भी रच रखी थी।

शव मिला तो खुला राजः 3 जनवरी को डाबड़ी थाना पुलिस को जनकपुरी के एक घर में बेड के अंदर महिला का सड़ा-गला शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान 26 वर्षीय दीपा चौहान के रूप में हुई, जो आरोपी धनराज की पत्नी थी। हत्या के बाद धनराज फरार हो गया था और उसका मोबाइल भी बंद था।

आरोपी की तलाश और गिरफ्तारीः पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने के लिए एक स्पेशल टीम बनाई। तकनीकी जांच से पता चला कि धनराज ने जनकपुरी में एक यूपीआई पेमेंट किया था। इसके बाद टीम ने उसकी गतिविधियों का पता लगाना शुरू किया। आरोपी ने फरारी के दौरान नया सिम और मोबाइल फोन ले लिया और दिल्ली, आगरा, जयपुर और अमृतसर जैसे स्थानों पर छिपता रहा। अंततः एंटी नार्कोटिक्स टीम ने उसे 5 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया।

हत्या की वजह और साजिशः पुलिस पूछताछ में धनराज ने बताया कि वह शराब का आदी था और सीमित आय के कारण घर का खर्च चलाने में असमर्थ था। उसकी पत्नी दीपा प्राइवेट सेक्टर में काम करती थी। पति-पत्नी के बीच अकसर विवाद होते थे, खासतौर पर दीपा की एक दोस्ती को लेकर। 29 दिसंबर को झगड़े के दौरान धनराज ने गला दबाकर दीपा की हत्या कर दी।

हत्या के बाद उसने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई और यूट्यूब पर वीडियो देखकर शव को काटने और सुनसान जगह पर फेंकने की कोशिश की। लेकिन इसके बजाय उसने शव को बेड के अंदर छिपा दिया और टेप से लपेट दिया ताकि वह जल्दी सड़े नहीं। दूसरी हत्या की योजनाः हत्या के बाद धनराज ने अपनी पत्नी के दोस्त को भी मारने की योजना बनाई। इसके लिए उसने अमृतसर से दिल्ली लौटने के दौरान अपनी योजना को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनमें मृतका का फोन भी शामिल है। मामले में जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

### सीएम हेमंत की महिलाओं से अपील

## मंईयां सम्मान योजना का गलत तरीके से लाभ ले रही महिलाएं, खुद हो जाये बाहर

**संवाददता**

**रांचीः** झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई महिला गलत तरीके से इसका लाभ ले रही हैं तो इससे जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए उन महिलाओं से अपील है कि कृपया आप खुद बाहर हो जाइए।

दरअसल, बताया जा रहा है कि कुछ महिलाएं गलत तरीके से पैसे उठा रही हैं। यानी गलत शपथपत्र देकर फर्जी तरीके से मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रही हैं। उनके लिए, सीएम हेमंत ने खास अपील की है। वहीं, सीएम हेमंत ने ये भी कहा कि जो महिलाएं इस योजना से जुड़ने से वंचित रह गई हैं, उन्हें भी शीघ्र जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने जो लकीर खींच दी है, उसे कोई मिटा नहीं सकेगा। बता दें कि 6 जनवरी को सीएम हेमंत ने राज्य की 56,61,791 महिलाओं के बैंक खातों में 1415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपये की मंईयां सम्मान राशि हस्तांतरित की थी। चुनाव से पहले सरकार महिलाओं को 1000 प्रतिमाह दिया करती थी, लेकिन चुनाव जीतने पर अपने किए गए वादे के मुताबिक सरकार ने इस बार महिलाओं के खाते में 2500-2500 डाले। अब से राज्य की महिलाओं को मंईया योजना के तहत 2500 प्रतिमाह मिलेंगे।




## बच्चों से भरे ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 बच्चों सहित 4 की मौत



**संवाददाता**

**रामगढ़ः** जिले में आज सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। स्कूली बच्चों को ले जा रहे एक ऑटो की तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में 3 बच्चों और ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 से ज्यादा बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई बच्चों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना रामगढ़-बोकारो मार्ग के तिरला मोड़ के पास हुई, जब गुडविल मिशन स्कूल तिरला के बच्चे ऑटो से स्कूल जा रहे थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रामगढ़-बोकारो मार्ग जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही रामगढ़ की विधायक ममता देवी मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार के आदेश के बावजूद निजी स्कूल वाले मनमानी कर रहे हैं। ऐसे स्कूलों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए।

घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां कई बच्चों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घटना के बाद सैकड़ों लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए।



## वी. नारायणन होंगे इसरो के नये चीफ, एस. सोमनाथ की लेंगे जगह

नई दिल्लीः वरिष्ठ अंतरिक्ष वैज्ञानिक वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह मौजूदा अध्यक्ष एस. सोमनाथ की जगह 14 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। एस. सोमनाथ ने 14 जनवरी 2022 को इसरो के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था। अब अपने दो साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनके कार्यकाल में इसरो ने कई महत्वपूर्ण मिशनों को सफलता से अंजाम दिया।

7 जनवरी 2025 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह दो साल की अवधि के लिए इस पद पर कार्य करेंगे. वर्तमान में नारायणन वलियामाला स्थित लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (इसरो) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। नारायणन के शानदार करियर में आदित्य अंतरिक्ष यान और जीएसएलवी एमके-111 मिशन जैसे प्रमुख इसरो परियोजनाओं में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उनकी विशेषज्ञता और उपलब्धियों को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा श्री पुरस्कार और आईआईटी खड़गपुर से विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश : कोहरे के कारण तीन ट्रक आपस में टकराए, तीन की मौत



**नई दिल्लीः** हाथरस जिले के सादाबाद क्षेत्र के मिढ़ावली गांव के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण बुधवार को तीन ट्रकों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि एक ट्रक दूसरे ट्रक को जंजीर से खींच रहा था तभी जंजीर टूट गई। पुलिस ने कहा कि दोनों ट्रकों के चालक जब जंजीर को ठीक कर रहे थे तभी आगरा की तरफ से आ रहे तीसरे ट्रक ने टक्कर मार दी।

पुलिस ने कहा कि घटना में मारे गये तीनों ट्रकों के चालकों की पहचान हाथरस के रंजीत, फरीदाबाद के राहुल और आगरा के तरुण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटना में दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### गुजरात : भरूच में ट्रक से टकराई कार, तीन की मौत, चार घायल

**नई दिल्लीः** गुजरात के भरूच जिले में बुधवार को तड़के एक राजमार्ग पर कार के ट्रक से टकराने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर तड़के करीब साढ़े तीन बजे अंकलेश्वर शहर के पास हुई। पनोली पुलिस थाने की निरीक्षक शिल्पा देसाई ने बताया, महाराष्ट्र के पालघर के सात लोग अजमेर (राजस्थान) से उर्स में भाग लेने के बाद लौट रहे थे और सूरत की ओर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि पनोली के पास एक पुल पर कार को पहले पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मारी जिसके कारण कार आगे मंद गति से चल रहे दूसरे ट्रक से जा टकराई। उन्होंने बताया कि कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल हुए चार लोगों को भरूच के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दिल्ली के सीएम हाउस शीश महल पर गहराया विवाद

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास, शीश महल, पर विवाद गहरा गया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस आवास का दौरा किया, लेकिन जब उन्हें रोका गया, तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। इस पर भाजपा की प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसमें भाजपा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा का पक्ष रखा। भ्रष्टाचार को बचाने के लिए राजनीतिक मयार्दा की उल्लंघन का आरोपः सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद ही दिल्ली में भ्रष्टाचार की सच्चाई सामने आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार को बचाने के लिए राजनीतिक मयार्दाओं का उल्लंघन किया गया। त्रिवेदी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल शीश महल से बचने का कोई रास्ता नहीं पा सकते, चाहे वह कितने भी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जो अराजकता पैदा की है, उससे कुछ नहीं होगा और यह केवल अराजकता का उदाहरण है।

**क्यों घुसना चाहते हैं शीश महल में? :** सुधांशु त्रिवेदी ने आम आदमी पार्टी से सवाल किया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद ही यह प्रदर्शन क्यों किया जा रहा है? क्या यह सच नहीं है कि ढहऊ ने आतिशी को दो बंगले देने की पेशकश की थी? अगर आम आदमी पार्टी की बातें सही हैं, तो आचार संहिता लागू होने का इंतजार क्यों किया गया? उन्होंने यह भी पूछा कि कैसे केजरीवाल मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास का आवंटन कर सकते हैं, जबकि पीडब्ल्यूडी ही आवास आवंटित करता है? सुधांशु त्रिवेदी ने सवाल किया कि आम आदमी पार्टी के लोग शीश महल में क्यों घुसना चाहते थे? क्या वे वहां से कोई दस्तावेज या सबूत हटाना चाहते थे? उन्होंने कहा कि शीश महल मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास नहीं है और अगर आम आदमी पार्टी को इसे मुख्यमंत्री आवास घोषित करने का साहस था, तो उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया?

**भ्रष्टाचार का वीभत्स प्रदर्शन, जनता जाग चुकी हैः सुधांशु त्रिवेदी :** सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार का वीभत्स प्रदर्शन अब उजागर हो चुका है और दिल्ली की जनता इस पर पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसे वे उजागर करके ही रहेंगे।

## रद्द हो सकती है बीपीएससी की परीक्षा

**पटनाः** बिहार सरकार के मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द हो सकती है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए दिलीप जायसवाल ने पूरे मामले को साफ करते हुए बताया कि सरकार ने अब तक परीक्षा रद्द नहीं करने पर अंतिम फैसला नहीं किया है। पूरे मामले की जांच चल रही है। अगर जांच में कुछ गड़बड़ी मिलती है तो परीक्षा रद्द की जायेगी। बिहार में मचे घमासान के बीच नीतीश सरकार के मंत्री ने साफ किया है कि सरकार ने अब तक ना नहीं कहा है।

**विपक्ष पर साधा निशानाः** इस मुद्दे पर कांग्रेस और लेफ्ट के सदस्यों ने राज्यपाल से मिल कर एक ज्ञापन सौंपा था और यह आग्रह किया था कि हाई कोर्ट के जज की निगरानी में इसकी जांच करवाई जाए। बिहार सरकार के मंत्री की तरफ से यह बयान ऐसे समय में आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने बीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं हाई कोर्ट जाने का आदेश दिया है। दिलीप जायसवाल ने इस मसले पर विपक्षी पार्टियों को भी घेरा और आरोप लगाया कि वो छात्रों के आंदोलन का राजनीतिक फायदा लेना चाहते हैं। दिलीप जायसवाल ने कहा, ह्यविपक्ष विकास, रोजगार और अन्य किसी भी मुद्दे पर बातचीत नहीं कर सकता है। इसलिए वो छात्रों के आंदोलन का इस्तेमाल खुद को स्थापित करनेके लिए कर रहे हैं।

छात्रों से की सरकार पर भरोसा रखने की अपीलः बीपीएससी परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में कई अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर लगातार आमरण अनशन पर हैं। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार सरकार पर हमलावर हैं। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भी इस मुद्दे पर काफी सक्रिय हैं।

### बिहार के 23 जिलों की धरती डोली

## भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 125 के पार, 188 घायल

**पटनाः** तिब्बत में आये 7.1 की तीव्रता वाले भूकंप के झटकों से उत्तर बिहार से लेकर मध्य बिहार की धरती कुछ सेकेंड के लिए डोल गयी। खासतौर पर नेपाल से सटे जिलों में भूकंप की तीव्रता अधिक महसूस हुई। बिहार के सीतामढ़ी, शिवहर, सहरसा, सुपौल, पूर्णिया, किशनगंज, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, मुंगेर, पटना, समस्तीपुर सहित करीब 23 जिलों में भूकंप के झटकों का अनुभव हुआ। प्रदेश के इन जिलों में सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर भूकंप आया था। करीब 5 सेकेंड तक धरती हिलती रही। हालांकि आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार बिहार में अभी तक क्षति की सूचना नहीं है।



तिब्बत के शिगात्से में आए भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 125 के पार हो गई है। इस हादसे में घायलों का आकड़ा 188 पहुंच गया है। भूकंप प्रभावित इलाके में बचाव कार्य जारी है। हालांकि कड़ाके की ठंड में बचाव कार्य में परेशानी जरूर हो रही है। जानकारी के अनुसार, नेपाल की सीमा से सटे तिब्बत के पहाड़ी क्षेत्र शिजांग में मंगलवार सुबह एक घंटे के अंदर 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप समेत छह सिलसिलेवार भूकंप आये, जिसमें 95 लोगों की मौत हो गयी थी। आज बुधवार की सुबह तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 126 हो गयी है। वहीं 130 घायलों का आकड़ा बुधवार की सुबह तक 188 पहुंच गया हैं। तिब्बत में आये इस भूकंप के झटके नेपाल से लेकर बिहार और पश्चिम बंगाल समेत उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में महसूस किये गये। बांग्लादेश और भूटान के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके लगे। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया जिसका केंद्र उत्तर-पूर्व नेपाल के खुम्बू हिमालय पर्वतमाला में लोबुत्से के 90 किलोमीटर उत्तर- पूर्व में था।

काठमांडू में भूकंप से घबराये लोगः शिगाजे को शिगात्से के नाम से भी जाना जाता है, जो भारत की सीमा के करीब है। यह पंचेन लामा की पारंपरिक सीट है, जो तिब्बती बौद्ध धर्म के एक प्रमुख व्यक्ति हैं। तिब्बत में पंचेन लामा, आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के बाद दूसरे नंबर की हैसियत रखते हैं। भूकंप के केंद्र के पास कई इमारतें भी ढह गयीं। काठमांडू में भूकंप से घबराये लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आये। लोगों ने कुछ समय तक सड़कों के किनारे लगे पेड़ों और बिजली के तारों को हिलते हुए देखा।

## न्यूज ब्रीफ

### उपभोक्ता फॉर्म कोडरमा ने एसबीआई डोमचांच के ब्रांच मैनेजर के खिलाफ जारी किया डीडब्लू वारंट

कोडरमाः जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र स्थित भारतीय स्टेट बैंक डोमचांच शाखा से व्यवसाय हेतु रामकृष्ण मेहता, पिता जयनारायण मेहता,ग्राम-धरगांव पोस्ट- फुलवरिया, थाना नवलशाही जिला कोडरमा ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा डोमचांच से 2070000 ट्रक लोन वित्त प्रदत 2013 में कराया था लोन के एवज में बैंक को 2564026 रुपया का भुगतान कर दिया। फिर भी बैंक ग्राहक को बिना सूचना दिए 23 दिसंबर 2016 को गाड़ी को जब्त कर लिया। इतना ही नहीं मामला न्यायालय में विचार अधीन रहने के बावजूद भी बैंक द्वारा गाड़ी को बेच भी दिया गया। इस मामला को लेकर शिकायतवाद संख्या 04/ 2017 मे माननीय न्यायालय जिला उपभोक्ता फॉर्म कोडरमा ने बैंक को दोषी ठहराते हुए 25000 का जुर्माना लगाया एवं जब्त ट्रक को छोड़ने का भी आदेश दिया। लेकिन बैंक हठ धर्मी के कारण न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया। जिसके कारण न्यायालय इजराय वाद संख्या 11/ 2017 के वाद में बैंक के खिलाफ डी डब्लू वारंट जारी किया। बैंक पदाधिकारी में मचा हड़कंप ?अब क्या होगा? न्यायालय के शरण में देर है। अंधेर नहीं कहावत चरितार्थ हो रहा है।

### पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने बांटा कंबल

**कोडरमाः** कोडरमा नगर पंचायत के निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह 'राजू भैया' ने जिले में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए बुजुर्गों और माताओं के बीच कंबल वितरित किया। हर वर्ष की भांति इस बार भी उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिए समाज सेवा का कार्य किया। कंबल वितरण करने के दौरान राजेश कुमार सिंह उर्फ.राजू भैया ने कहा कि ठंड के मौसम में टोपी, स्वेटर और मफलर भी बांटते हैं। उनके इस मानवीय कार्य की स्थानीय निवासियों ने प्रशंसा की।

### नेहरू युवा केंद्र ने किया जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

कोडरमाः नेहरू युवा केंद्र कोडरमा द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बगीटांड स्टेडियम कोडरमा मे दिन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के एपीए नेयर प्रवेज ने फुटबॉल को किक मारकर किया। कार्यक्रम मे कोडरमा जिला के 3 प्रखंड - मरकच्चो, जयनगर एवं डोमचांच के युवा क्लब के खिलाडियों ने फुटबॉल, कबड्डी, दौड़, रस्सी कूद एवं लम्बी कूद का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे रेफरी रामु कुमार एवं उनके सहयोगियों ने सभी खेलों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सर्वप्रथम कबड्डी खेल का आगाज हुआ। कबड्डी खेल मे डोमचाच की लड़कियों की टीम ने बाजी मारी एवं द्वितीय स्थान पर मरकच्चो की लड़कियों की टीम रही। रस्सी कूद मे प्रथम रौशनी कुमारी, द्वितीय सुनैना कुमारी एवं तृतीय सुमित्रा कुमारी और लड़कियों के लिए 200 मीटर के दौड़ मे प्रथम शिवानी कुमारी, द्वितीय चांदनी कुमारी एवं तृतीय सरस्वती कुमारी रही। साथ ही साथ लड़कों के लिए फुटबॉल, 400 मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद का आयोजन किया जिसमे फुटबॉल खेल मे जैनगर की टीम प्रथम एवं मरकच्चो की टीम द्वितीय तथा 400 मीटर दौड़ मे प्रथम पप्पू कुमार, द्वितीय सरोज कुमार तृतीय सुधीर कुमार हुए। अंत मे लम्बी कूद मे प्रथम पप्पू कुमार, द्वितीय प्रदीप कुमार एवं तृतीय संजीत कुमार रहे। मंच का संचालन डोमचंच के आकाश कुमार ने किया एवं कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा सनी राणा, पूर्व ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सदानंद रजक, सोनू कुमार, रामु कुमार, सोनू कुमार, रिफरी, सूरज कुमार, अजय कुमार मिश्र, आकाश कुमार मेहता एवं जीतेन्द्र यादव की अहम भूमिका रही।

### रोक के बावजूद नदियों से बालू का उत्खनन व ढुलाई जारी

सिल्लीः प्रशासनिक रोक के बावजूद सिल्ली थानांतर्गत के राढ़ू नदी का झाबरी, श्यामनगर,जयनगर, हजाम, बड़ा चांगड़ू एंव सुवर्ण रेखा नदी का कोंचो, चौकेसेरेंग, बासुडीह आदि बालू घाटों से बालू का अवैध खनन बे-रोक टोक जारी है। बालू माफिया इन विभिन्न नदी घाटों से अवैध रूप से बालू की निकासी कर सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सिल्ली में प्रति ट्रैक्टर हजार रूपए में मिलने वाला बालू, ट्रैक्टर मालिक प्रशासन द्वारा पकड़े जाने की बातें कहकर 2500 से 3000 में बेच रहे है जबकि प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होती है और होती भी है तो कभी काल खानापूर्ति के रूप में। जिम्मेवारों का चुप्पी के कारण आज नदियों का अस्तित्व खतरे में है और नदियों पर बने कई उच्च स्तरीय पुल ढह जाने के कगार में है।

### भाजपा ने चलाया विशेष सदस्यता अभियान

कसमारः भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में कसमार प्रखंड के विभिन्न शक्ति केंद्रों के प्रभारी संयोजक एवं सहसंयोजको के साथ विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला सदस्यता प्रभारी संजय सिंहा, तुलसीदास जायसवाल, राजेश्वर महतो, अनीश जैसवाल, सुरेश कालिंदी, प्रफुल्ल महतो, रामचरण महतो, विश्वजीत मिश्रा, विक्रम नायक, उमेश तिवारी संतोष नायक, इत्यादि लोग उपस्थित थे। इस अभियान में सैकड़ो लोगो ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस बीच प्रखंड अध्यक्ष ने पंचायत प्रभारी संयोजक एवं सहसंयोजको से आग्रह किया कि आप सभी अपने अपने पंचायतों में बुथ अध्यक्षों बुथ सचिव एवं बीएलए 2 से भी 50 -50 प्राथमिक सदस्य बनवाएं ताकि सभी लोग पार्टी के सक्रिय सदस्य बन सके। सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि लोग बड़े ही उत्सुकता के साथ भाजपा का सदस्य बन रहे हैं। सदस्य बनाने के लिए उन्हें समझना नहीं पड़ता है। जैसा कि मालूम हो यह अभियान 14 जनवरी तक पूरे राज्य में चलाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : डोर टू डोर जारी है लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन

बोकारो : जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बोकारो द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अन्तर्गत आने वाले लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन जिला में डोर-टू-डोर किया जा रहा है। इस क्रम में अनेक लाभार्थी अपने वर्तमान पते में उपलब्ध नहीं पाये गये या उनके द्वारा दिया गया पता स्पष्ट नहीं है। वैसे सभी लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने नजदीकी पंचायत/प्रखंड कार्यालय एवं शहरी क्षेत्र के स्थिति में अंचल कार्यालय में दिनांक 10।01।2025 तक उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अवश्य करा लें। सत्यापन के अभाव में भुगतान बाधित हो सकता है।

### बच्चों के आंखों की नियमित जांच जरूर कराएं : डॉ दीपिका सिंह

बोकारो : रोटरी क्लब चास द्वारा ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में बच्चों के दृष्टि दोष की जांच की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की नेत्र की समस्या के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और ऐसे बच्चे पढ़ाई में बिछड़ते जाते हैं।

शहर की प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ दीपिका सिंह ने कहा की नेत्र जांच शिविर के दौरान आंखों के स्वास्थ्य का आकलन के लिए कई तरह के परीक्षण किए जाते हैं। डॉ दीपिका ने कहा की बच्चों को आंखों की नियमित जांच जरूर करवानी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश केजरीवाल ने कहा की इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना था। प्रकाश ने कहा बच्चों में दृष्टि दोष विकट एवं गंभीर समस्या हो गई है।ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुधीर कुंवर ने शिविर लगाने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चे और उनके अभिभावक लाभान्वित होंगे।

# एसएस प्लस टू के शिक्षक कर रहे सरकारी नियमों का उल्लंघन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्ली :** झारखंड सरकार के आदेशानुसार सरकारी स्कूलों में निर्धारित समय तक न केवल बच्चे बल्कि शिक्षक भी उपलब्ध रहें। समय पर शिक्षक और बच्चे स्कूल आएं और समय पर ही स्कूलों में छुट्टी हो। लेकिन मंगलवार को देखा गया कि एसएस प्लस टू सिल्ली के कई शिक्षक- शिक्षिकाएं निर्धारित समय से करीब एक घंटे विलम्ब से स्कूल पहुंचे । ये सभी रांची में रहते है और ट्रेन से आवाजाही करते है। जबकि सरकार के नियमानुसार ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षकों को स्कूल में आकर निर्धारित समय 9 बजे उपस्थिति बनाना है और लगभग 10 बजे पहुंचते है और 9 बजे उपस्थित बन जाता है कहीं न कहीं बायोमेट्रिक को छेड़छाड़ कर अपने घर पर ही उपस्थिति बनाते है छेड़छाड़ की प्रमाण इन शिक्षकों का मोबाइल लोकेशन मालूम चल जायेगा। कई बच्चों और बच्चों के अभिभावकों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि कुछ शिक्षक है जो हमेशा देर से आना और समय पूर्व चलें जाना नियति बन गया है। बताया यह भी जाता है की इस विद्यालय में जो व्यवसायिक शिक्षक माइनिंग पर पदस्थापित है वो नही के बराबर संबंधित विषय का क्लास लेते है। मजे की बात है की विद्यालय में पदस्थापित शिक्षकों की पदस्थापना विवरणी एंव एसएमसी मेंबरों का विवरणी भी विद्यालल में कहीं दशार्या नही गया है ताकि विद्यालय की गतिविधि किसी को मालूम ना चले। वही इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन पाण्डेय से



पूछे जाने पर उन्होंने बताया की सभी शिक्षक समय पर आते है। दूसरी ओर शिक्षकों का निर्धारित समय से देर से आने और समय पूर्व चलें जाने को लेकर शिकायत किया गया तो उन्होंने कहा देख लेंगे है। बतातें चलें की इसी विद्यालल में इस प्रखंड के बंता आदि विद्यालल में भी पदस्थापित कई शिक्षक ट्रेन से आना-जाना करते हैं और हमेशा देर पर पहुंचते है और शिक्षा के उच्च अधिकारियों को कानों कान खबर नहीं, ऐसे में क्या शिक्षा मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न अंग कहना सार्थक होगा।विधायक ने कहा गलत करने वालों को बक्शा नहीं जाएगाः सिल्ली विधायक अमित महतो को शिक्षकों का विद्यालय में देर में आने की मामला संज्ञान में दिए जाने पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गलत करने वाला कोई भी हो बक्सा नहीं जाएगा। निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

### 19 गांवो को पंचायत का दर्जा देने का मामला

**बोकारो :** रांची प्रवास के दौरान बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विस्थापित क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर विस्थापित गांव में पंचायत गठन के संबंध में मुलाकात की। ज्ञात हो कि कुछ प्रस्तावित पंचायतों का गठन लंबित है जिसे मंत्री महोदया के संज्ञान में दिया गया झारखंड सरकार जल्द ही बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों में रहने वाले लोगों को खुशखबरी देने जा रही है।इन गांवों को जल्द ही पंचायत का दर्जा दिया जायेगा।श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही विस्थापितों को उनका हक और अधिकार देने हेतु प्रतिबद्ध हैं।झारखंड सरकार विस्थापित क्षेत्रों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने के लिए अग्रसर है।

## डॉ सुखदेव बेदिया चैम्पियन ट्रॉफी संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरीः** चेतन मांझी की अध्यक्षता में हरेक साल की भांति कुसुमटीकरा मैदान में चल रहे दो दिवसीय स्व डॉ सुखदेव बेदिया चैम्पियन ट्रॉफी का समापन हो गया । संचालन संतोष बेदिया और योगेश्वर बेदिया ने किया। मंच पर जिप सदस्या वीणा देवी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व ज़िप सदस्य सुशील महतो, पिस्का पंचायत मुखिया सोमरा मांझी, पंचायत समिति सदस्य अनिल टाइगर,हांकेदाग पंचायत मुखिया हरिपद मांझी , पूर्व पंचायत समिति,लक्ष्मण महतो , पुरूषोत्तम महतो,अभिराम बेदिया, दुर्गा चरण यादव, मनोहर महतो राम स्वरूप मंडल थे ।जिप सदस्या वीणा देवी समेत मंच के सम्मानित सदस्यों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल के प्रति उत्साह को बढ़ाया। विजेता टीम जागरण बद्रश कुसुम टीकरा को जिप सदस्या वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी, पूर्व ज़िप सदस्य सुशील महतो ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी और नगद राशि देकर पुरस्कृत किया और कहीं कि अनुशासन से खेल खेला गया और खिलाड़ियों ने खेल खेल कर इस क्षेत्र में जागरूकता फैलाई है इसलिए सभी विजेता एवं उपविजेता को बहुत शुभकामनाएं। वहीं प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बाडाईक ने कहा कि कुसुमटीकरा का मैदान ऐतिहासिक हो गया, यहां से खिलाडी नेशनल लेवल और जिला में भी खेला है। सबको नये साल की शुभकामनाएं।वहीं महिला विजेता टीम स्टार वारियर्स रांची को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरुष उपविजेता महादानी एफ सी फुटबॉल बिसिरिया, महिला उपविजेता सिल्ली स्पोर्ट्स कुसुमटीकरा को वीणा चौधरी ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।स्टार वारियर्स रांची के प्लेयर आफ मैच महिला में दिव्यानी लिंडा को नानु महतो ने ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया। वहीं वेस्ट गोलकीपर सोनिया कुमारी,सीरिज में बिन्नी कुमारी सम्मानित किया गया।खेल संचालक सुजान लोहरा,पिंटु कुमार,गुहीराम बेदिया, दुखी राम बेदिया, अभिराम मांझी मंच पर सम्मानित किया गया। चैम्पियन ट्रॉफी को सफल बनाने में रविन्द्र बेदिया,धीरज बेदिया,हराधन बेदिया,मोजोन बेदिया समेत सक्रिय सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## विधायक नीरा यादव ने किया स्टेशनरी किट का वितरण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सलईडीह में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उपस्थित बच्चों के बीच कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने स्टेशनरी किट का वितरण किया। फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलईडीह में सामाजिक कार्यक्रम के तहत स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ नीरा यादव एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक सुकमति टुडू उपस्थित थी। साथ में कंपनी के अधिकारियों संग काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक गण भी मौजूद थे। स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम के आयोजन में फ्यूजन के प्रयासों की स्थानीय अतिथियों ने बहुत सराहना की । कम्पनी के अधिकारियों ने बुके एवं मोमेंटो दे कर विधायक को सम्मानित किया। नीरा यादव ने अपने हाथों से स्टेशनरी किट का बच्चों के बीच वितरण किया। कार्यक्रम में नीरा यादव ने बच्चों को कई नैतिक शिक्षा दी और बच्चों को बहुत कुछ समझाने की कोशिश किया। उन्होंने ज्ञान के कई टिप्स दिए। इस वितरण का उद्देश्य छात्रों को आवश्यक स्टेशनरी उपलब्ध कराना था। प्रत्येक किट में एक स्कूल बैग, जिसमें नोटबुक, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, और अन्य आवश्यक सामग्री थी, जिनका उद्देश्य युवा छात्रों को शैक्षिक आवश्यकताओं को समर्थन करना है। विधायक ने कहा इस कम्पनी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने के साथ साथ सामाजिक कार्यों में सहयोग करना सराहनीय कदम है। ज्ञात हो कि फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड का उद्देश्य न केवल अपने जिम्मेदारियां को वित्तीय लेन देन तक सीमित रखना है बल्कि अपनी विभिन्न कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों के माध्यम से समाज में योगदान भी देता है। इस मौके पर फाइनेंस कंपनी के हेमंत कुमार, नवीन सिंह रीजनल मैनेजर, उमेश कुमार, राजेश गुलशन एवं संजीव यादव, महेश यादव, राजकुमार यादव, चंदन सिंह, कन्हाई यादव, शिक्षक गण आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था है। फ्यूजन समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से वंचित वर्गों से संबंधित महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करता आ रहा है।

## 11 निजी क्लिनिकों के साथ स्वास्थ्य विभाग ने किया एमओयू

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर झारखण्ड सरकार की सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिले के विभिन्न निजी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों के साथ एमओयू किया है। अब सदर अस्पताल के अलावा निम्न निजी क्लिनिकों के माध्यम से भी गर्भवती महिलाएं अल्ट्रासाउंड निःशुल्क करा सकती है। उनके जांच का भुगतान सीधे सदर अस्पताल बोकारो द्वारा निजी क्लिनिकों को किया जाएगा। उपायुक्त ने निजी क्लिनिकों द्वारा अल्ट्रासाउंड करने में किसी तरह की आना-कानी करने एवं गर्भवती महिलाओं को परेशान करने की शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई करने की बात कहीं है। उन्होंने क्लिनिक संचालकों को बेवजह गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को *परेशान नहीं करने की बात कहीं है। सदर अस्पताल बोकारो के साथ निम्न निजी क्लिनिक/अस्पतालों के साथ निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच (सेवा) के लिए एमओयू किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 14 जिलों के 91 प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन अभियान

### 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाया जायेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

### तीन जिलों में तीन प्रकार की तथा 11 जिलों में दो प्रकार की दवा खिलायी जायेगी




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर राज्य के चिन्हित 14 जिलों के 91 प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के दौरान लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलायी जायेगी। स्वास्थ्यकर्मी, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों द्वारा योग्य लाभुकों को फाइलेरियारोधी दवा खिलायी जायेगी। सर्वजन दवा सेवन अभियान को लेकर राज्य वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग ??एवं पिरामल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन चार जिलों धनबाद, पाकुड़, देवघर तथा साहेबगंज के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी तथा कर्मी आदि शामिल हुए। अगले तीन दिनो तक चलने वाले

इस प्रशिक्षण में बचे अन्य जिलो के जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, वीबीडी सलाहकार , प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तरीय वीबीडी कर्मी, एफएलए, बीपीएम को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी–वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग, डॉ वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ अभिषेक पॉल, कंसल्टेंट विनय कुमार, नीलम कुमार, सज्ञा सिंह, जयंतदेव सिंह एंव डॉ इकबाल, पिरामल फांउडेशन के राज्य कार्यक्रम? निदेशक अविनाश कात्यायन सहित वेक्टर जनित रोग नियंत्रण? विभाग के अन्य वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**दवा सेवन के लिए एडवाइजरी के नियमों का करें अक्षरशः पालन**

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को निर्देश देते हुए कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी योग्य लाभुकों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा सेवन करायेंगे। राज्य की ओर से सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है जिसमें दवा सेवन कराने संबंधी सभी आवश्यक नियमों की जानकारी दी गयी है। इस एडवाइजरी का अक्षरशः पालन करना है। दो साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं तथा अतिगंभीर बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलानी है। उन्होंने कहा कि दवा पूरी तरह से सुरक्षित है और कहीं प्रतिकूल प्रभाव दिखता है तो इसका कारण उस व्यक्ति के शरीर में माइक्रोफाइलेरिया मौजूद हो सकता है। इससे घबराने की बात नहीं है। यह स्वयं ठीक हो जाता है और इसके लिए रैपिड रिस्पांस टीम भी मौजूद है।

**इन 14 जिलों में चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियानः** पाकुड़, कोडरमा और सिमडेगा में आइडीए के तहत तीन प्रकार प्रकार की दवा अल्बेंडाजोल, डीईसी के साथ आइवरमेक्टिन खिलायी जायेगी। जबकि रांची, गुमला, साहेबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ तथा लोहरदगा में सिर्फ अल्बेंडाजोल तथा डीईसी की दवा खिलायी जायेगी।

**स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने ही दवा का सेवन करायें :**

प्रशिक्षण के दौरान स्टेट कंसल्टेंट ?विनय कुमार ने विभिन्न जिलों के डाटा को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभियान को लेकर माइक्रोप्लान की एनालिस अच्छी तरह करें। स्कूलों में कैंप लगाकर और घर–घर जाकर भी फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराना है। दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने ही करायेंगे। कंसल्टेंट एंटेमोलॉजी सज्ञा सिंह ने कहा कि मास ड्रस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए उच्च प्राथमिकता वाले गांवों का चयन करें। ऐसे गांव का भी चयन करें जहां माइक्रोफाइलेरिया पॉजिटिव लोगों की संख्या अधिक है। उन गांवों को विशेष रूप से चयन करना है जहां के लोगों में दवा सेवन करने के बाद उनमें प्रतिकूल प्रभाव सामने आये हैं। ऐसे गांवों का भी चयन करना आवश्यक है जहां के? लोगों के द्वारा फाइलेरियारोधी दवा खाने से इंकार किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट एनटीडी कॉर्डिनेटर डॉ अभिषेक पॉल ने कहा कि फाइलेरियारोधी दवा खाली पेट में नहीं खिलाना है। लाभुक से यह जरूर पूछना है कि दवा से पूर्व उन्होने कुछ खाया है अथवा नहीं। झारखंड के सभी जिले फाइलेरिया प्रभावित हैं। आईईसी कंस्लटेंट नीलम कुमार ने कहा सूचना शिक्षा व संचार की महत्वपूर्ण भूमिका है और इसका इस्तेमाल बेहतर तरीके से होना चाहिए। इसका प्रोटोटाइप राज्य से सभी जिलों को दिया गया है।इस मौके पर बीते वर्ष बेहतर करने वाले प्रखंड को पुरस्कृत किया गया

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े: अटल बिहारी वाजपेय**

## स्त्री विरोधी अश्लील बदजुबानी

**दिल्ली** अर्द्धराज्य का चुनाव गरमाने नहीं, उबलने लगा है। दिल्ली में कौन आपदा है और कौन बदनसीब , घोटालेबाज है? इन सवालों का विश्लेषण करने से पहले हम प्रधानमंत्री मोदी से जानना चाहेंगे कि क्या भाजपा बदजुबान नेताओं की भी पार्टी है? प्रधानमंत्री ऐसे नेताओं पर खामोश ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें चुनाव में प्रत्याशी भी बनाया गया है। फिलहाल रमेश बिधूड़ी भाजपा के सबसे बदजुबान, असभ्य, अमर्यादित नेता के तौर पर कुख्यात हैं। वह दो बार लोकसभा सांसद और 3 बार विधायक रह चुके हैं। नौसीखिया, बचकाना या अपरिपक्व नेता नहीं हैं। भाजपा ने उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की अलका लांबा भी मुकाबले में हैं। बिधूड़ी ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि वह कालकाजी की सारी सडकें प्रियंका गांधी के गालों जैसी बनवा देंगे। यह अश्लील, असंगत उपमा देते हुए बिधूड़ी ने लालू यादव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 2005 में बिहार की सडकें हेमामालिनी के गालों जैसी बनाने की घोषणा की थी। वह उपमा भी अश्लील थी और इस बार की उपमा भी भद्दी, महिला-विरोधी है। बिधूड़ी के बयान पर जबरदस्त राजनीतिक बवाल मचा, तो उन्होंने बयान वापस लेते हुए खेद व्यक्त किया, माफी नहीं मांगी। खेद जताने से ही अपराध की विद्रूपता कम नहीं हो सकती। बहरहाल इस प्रकरण के कुछ देर बाद ही बिधूड़ी ने उस मंच से, जहां से प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन तय था, एक बार फिर बदजुबानी की और कहा कि आतिशी ने तो अपना बाप ही बदल लिया। यह एक महिला का नहीं, दिल्लीवालों और वहां की मुख्यमंत्री का अपमान है। यह भद्दा, कुत्सित, महिला-विरोधी, आधी आबादी-विरोधी बयान लोकतंत्र का भी अपमान है। क्या ऐसी बदजुबानी पर प्रधानमंत्री भाजपा को वोट देने और आप-दा को बाहर करने का आह्वान कर सकते हैं? क्या दिल्ली की महिलाओं को ऐसे आदतन अपराधियों को वोट देने चाहिए? दरअसल रमेश बिधूड़ी ऐसी बदजुबानी के आदी हो गए हैं। उन्होंने बीती लोकसभा में विपक्षी सांसद दानिश अली को ओए-ओए. कहकर संबोधित किया था और समूचे मुस्लिम समाज को आतंकवादी करार दिया था। बिधूड़ी के खिलाफ एक जांच-समिति बिठाई गई, लेकिन उसका निष्कर्ष और निर्णय क्या रहा, क्या कार्रवाई की गई, आज तक कोई सार्वजनिक जानकारी नहीं है। बेशक भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनाया, क्योंकि क्षेत्र में उनके खिलाफ जन-लहर महसूस की जा रही थी। अब विधानसभा चुनाव में उन्हें क्यों उतारा गया? यानी भाजपा बिधूड़ी की बदजुबानी को असभ्य, असामाजिक, अश्लील, बयानबाजी नहीं मानती। इस बार बिधूड़ी ने जो बयान दिए हैं, वे एक औसत महिला के सम्मान, स्वाभिमान और चरित्र पर करारा प्रहार करते हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 10 साल की राजनीति में भाजपा को महिलाओं ने लबालब वोट दिए हैं, जिन्होंने भाजपा की जीत सुनिश्चित की है। विडंबना तो यह है कि संसद में स्पीकर और संसद के बाहर, सार्वजनिक जीवन में, चुनाव आयोग ऐसी बदजुबानी का संज्ञान ही नहीं लेते, दंडित करना तो बहुत दूर की कौड़ी है। अश्लील बयानबाजी सिर्फ प्रियंका गांधी तक ही सीमित नहीं है। कांग्रेस के नेता भी अब कंगना रनौत और कैटरीना कैफ के गालों की उपमाएं दे रहे हैं, क्योंकि हेमामालिनी बूढ़ी हो गई हैं। महिलाओं को ,परकटी, भी कहा गया है। कांग्रेस में रहते हुए संजय निरूपम ने तत्कालीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को ,ठुमके वाली, कहा था। सवाल यह है कि क्या विभिन्न राजनीतिक दल ऐसे बदजुबान नेताओं को ,अभयदान, देते रहेंगे?

## नक्सलवाद अभी जिंदा है

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह बार-बार दावा करते रहे हैं कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा। इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी शेष नहीं रहेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को शहीद किया है, वह रुह कंपा देने वाला हमला है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट करके 10 पुलिसकर्मियों को शहीद किया गया था। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। हालांकि रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गए। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया और विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि रोड ओपनिंग पार्टी इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे निरस्त, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही, अनदेखी थी, जिसने हमारे जवानों की जिंदगी छीन ली। अब एक बार फिर बहस शुरू होगी कि सुरक्षा बलों की आवाजाही सडक मार्ग के बजाय हवाई उड़ान के जरिए क्यों नहीं हो सकती?

यह सवाल फरवरी, 2019 के पुलवामा (कश्मीर) आतंकी हमले के बाद भी उठा था, जिसमें हमारे 40 सुरक्षाकर्मियों को शहीद कर दिया गया था। बीजापुर जिले में इस बार का विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन के पुर्जे 400 मीटर दूर तक बिखर गए। वाहन का एक हिस्सा करीब 30 फुट दूर पेड़ पर लटका मिला। घटनास्थल पर ही करीब 10-12 फुट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। जवानों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। नक्सली विस्फोट करके भाग निकले। धमाका होते ही रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, लेकिन शहादत तो हो चुकी थी। यह हमला ही साबित करता है कि नक्सलवाद अभी जिंदा है। उनकी रणनीति कारगर साबित हो रही है। उनके पास हथियार और हत्यारे विस्फोटक हैं, लिहाजा सवाल है कि 2026 तक नक्सलियों का बिल्कुल खात्मा कैसे संभव है? बीते साल 2024 में 287 नक्सली मारे गए, करीब 1000 गिरफ्तार किए गए, 837 ने आत्मसमर्पण किया, लेकिन हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। हमारे लिए यह चिंताजनक बात है। नक्सलवाद अब भी देश के 30 जिलों में मौजूद है। इनमें 8 जिले छत्तीसगढ़ के हैं। दंतेवाड़ा और बस्तर क्षेत्र तो नक्सलियों के गढ़ माने जाते रहे हैं। नक्सलवाद के कारण करीब 94 फीसदी वारदातें और मौतें इन्हीं जिलों में होती हैं। इस हमले में जो जवान शहीद हुए हैं, वे जिला रिजर्व गार्ड के थे। यह राज्य पुलिस की ही एक ईकाई है, लेकिन हमें वे घटनाएं भी याद हैं, जब 6 अप्रैल, 2010 को नक्सलियों ने एक ही हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों को मौत की नींद सुला दिया था।

# स्मार्ट वर्क, क्विक सक्सेस

एक बड़े विचारक और कारोबारी ने कहा भी है कि अगर मुझे किसी को कोई बड़ा काम सौंपना होगा, तो मैं सबसे आलसी व्यक्ति का चुनाव करूंगा, क्योंकि आलसी व्यक्ति बड़े काम को जल्दी से और आसानी से पूरा करने के लिए कोई सहज राह अवश्य ढूंढेगा। इसलिए स्मार्ट वर्क का अपना महत्त्व, विशेषकर आज के व्यस्ततम युग में ज्यादा बढ़ गया है। मेरा दूसरा कोट्स है : भोजन ऐसे करो जैसे तुम सदा जीने वाले हो, भजन ऐसे करो जैसे तुम कल मरने वाले हो।

**राजेंद्र ठाकुर**

**विश्व हिंदी दिवस विशेष**

दस जनवरी को फिर से विश्व हिंदी दिवस मनाया जाएगा। इसे यादगार बनाने के लिए मैंने इस बार कुछ मौलिक कोट्स और मुहावरे लिखे हैं। इनको पाठकों के साथ साझा करना चाहूंगा। मेरा पहला कोट्स है झ स्मार्ट वर्क, क्विक सक्सेस। अर्थात त्वरित सफलता के लिए हार्ड वर्क नहीं, बल्कि स्मार्ट वर्क की जरूरत होती है। इस कोट्स के जरिए मैंने आधुनिक समस्या का आधुनिक समाधान देने की कोशिश की है। लेकिन यह भी कहना चाहूंगा कि स्मार्ट वर्क की नई कल्चर के कारण परंपरागत हार्ड वर्क की वैल्यू कम नहीं हो जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी की सलाह से रास्ते तो मिल सकते हैं, लेकिन मंजिल तो अपनी कड़ी मेहनत से ही मिलेगी। स्मार्ट वर्क का मतलब ह्यआगे दौड़, पीछे चौड़ करना भी नहीं है। हर किसी को अपने एसाइंड वर्क को पूरी तरह समझना होगा, कान्सेप्ट को पूर्णतः समझना होगा और प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए उसको पूर्णता में समझना होगा। हां, यह जरूर है कि हमें भगवान कार्तिकेय के रास्ते के बजाय भगवान गणेश जी का रास्ता अपनाना चाहिए, जिन्होंने पृथ्वी की परिक्रमा पूरी करने के लिए अपने माता-पिता की परिक्रमा ही कर ली थी। स्मार्ट वर्क का मतलब किसी चीज को गहराई से समझने की कोशिश छोड़ देना भी नहीं है। हर कार्य को कुशलता के साथ बारीकी से किया जाना चाहिए। सफलता का कोई शार्ट कट भी नहीं है। फिर भी आज के व्यस्त जीवन में कार्य को निपटाने के लिए, त्वरित सफलता पाने के लिए सोच-विचार करके नया रास्ता तलाशने की भी जरूरत है। यह नया रास्ता स्मार्ट वर्क के रूप में हो सकता है।

एक बड़े विचारक और कारोबारी ने कहा भी है कि अगर मुझे किसी को कोई बड़ा काम सौंपना होगा, तो मैं सबसे आलसी व्यक्ति का चुनाव करूंगा, क्योंकि आलसी व्यक्ति बड़े काम को जल्दी से और आसानी से पूरा करने के लिए कोई सहज राह अवश्य ढूंढेगा। इसलिए स्मार्ट वर्क का अपना महत्त्व, विशेषकर आज के व्यस्ततम युग में ज्यादा बढ़ गया है। मेरा दूसरा कोट्स है : भोजन ऐसे करो जैसे तुम सदा जीने वाले हो, भजन ऐसे करो जैसे तुम कल मरने वाले हो। भावार्थ यह है कि तुम सदा जीने वाले हो, इसलिए भोजन कम करो, लेकिन तुम कल मरने वाले हो, इसलिए भजन बहुत ज्यादा, आज ही कर लो। भाव यह है कि जीवन में सफलता के लिए भोजन कम मात्रा में करना चाहिए, लेकिन भजन इतना करो कि तुम भगवान के दर्शन करने के लिए जाने के बजाय भगवान ही तुम्हारे दर्शन को आ जाएं। भक्त का भगवान के दर्शन को जाना रस है, जबकि भगवान का भक्त के दर्शन को आना रास है। इसलिए भजन इतना करो कि भगवान भक्त के साथ रास करने के लिए आ जाएं। ऐसा रास करवाना है जैसा श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ किया था। मेरा तीसरा कोट्स है : घरबार में दिल से, और बाजार में दिमाग से काम करें। भावार्थ यह है कि कहीं दिल से, कहीं दिमाग से काम लिया जाना चाहिए। घरबार में भावनाओं की कद्र होती है, इसलिए वहां दिल से काम किया जाना चाहिए। लेकिन बाजार में यह फामूर्ला काम नहीं करता है क्योंकि वहां भावनाओं की इतनी कद्र नहीं होती है। इसलिए बाजार में दिमाग से ही काम लिया जाना चाहिए। चौथा कोट्स : किसी पुरुष के खिलाफ किसी महिला का अंधसमर्थन गलत फैसला भी हो सकता है। भावार्थ यह है कि जिस तरह कई बार महिला ही महिला की दुश्मन होती है, उसी तरह कई बार पुरुष ही पुरुष का दुश्मन होता है। पांचवां कोट्स : जिस तरह बंदर अदरक का स्वाद नहीं जानता, उसी तरह नास्तिक आदमी ईश्वर और आस्था को नहीं समझता है। छठा कोट्स : ईश्वर और धर्म मानवता के सबसे बड़े मित्र हैं, शत्रु नहीं। भावार्थ : मैं एक प्रमुख विचारक के इस कथन से सहमत नहीं हूं कि ये दोनों गरीबों के सबसे बड़े शत्रु हैं। सातवां कोट्स : ज्ञान नया और अनुभव पुराना ही श्रेष्ठ होता है। भाव यह है कि ज्ञान को जहां नवीनतम होना चाहिए, वहीं अनुभव तो ऐतिहासिक ही श्रेष्ठ होता है। आठवां कोट्स : संपदाविहीन पुरुष को कमजोर व्यक्ति समझा जाता है। भावार्थ यह है कि जिस पुरुष के पास पर्याप्त संपत्ति न हो, उसकी समाज में कीमत घट जाती है। नौवां कोट्स : रिश्ते भाग्य से बन सकते हैं, लेकिन उन्हें निभाने के लिए मेहनत तो अपनी ही चाहिए। दसवां कोट्स : किसी बड़े प्रोजेक्ट को टुकड़ों में बांट कर पूरा करना चाहिए, इससे काम आसान हो जाता है।

11वां कोट्स : ज्ञान के अभाव में समस्याओं का समाधान नजर नहीं आता। भावार्थ यह है कि किसी समस्या को सुलझाने के लिए उसे गहराई से समझना जरूरी होता है। 12वां कोट्स : आप अगर विचारवान हैं, तो धन भी कमाया जा सकता है। भावार्थ यह है कि धनवान होने के लिए आपके पास थोड़ी-बहुत समझ तो होनी ही चाहिए। 13वां कोट्स : ईश्वर सुमिरन के बिना केवल मौत का इंतजार करते रहना कोई बेहतर रास्ता नहीं है। 14वां कोट्स : तर्कविहीन व्यक्ति बौद्धिक रूप से अक्षम होता है। भावार्थ यह है कि बौद्धिक रूप से सक्षम होने के लिए तार्किक होना पड़ता है। अब कुछ नए मुहावरों की बात कर लेते हैं। मेरा पहला मुहावरा था : नाक में रुई डल जाना। यह मुहावरा काफी लोकप्रिय हुआ और काफी प्रतिक्रियाएं भी आईं। इसके बाद भी मैंने करीब 15-16 मुहावरे लिखे थे। वे भी पाठकों और विशेषज्ञों को काफी पसंद आए। अब मैंने पांच और नए मौलिक मुहावरे लिखे हैं। पहला मुहावरा है : जुबान का साइलेंट मोड में चले जाना। इसका अर्थ है खामोशी धारण कर लेना। इसका वाक्य में प्रयोग इस तरह हो सकता है : कई महत्वपूर्ण मसलों पर नेताओं की जुबान साइलेंट मोड पर चली जाती है। दूसरा मुहावरा : कलम का कुंद हो जाना। इसका अर्थ है विचारशून्य हो जाना। इसका वाक्य में प्रयोग इस तरह हो सकता है : आजकल ऐसा माना जा रहा है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों की कलम कुंद हो गई है। तीसरा मुहावरा : माउंट एवरेस्ट का ख्वाब। इसका अर्थ है बड़ा सपना अथवा लक्ष्य रखना। इसका वाक्य में प्रयोग इस तरह है : बच्चों को बचपन से ही माउंट एवरेस्ट का ख्वाब रखना चाहिए। चौथा मुहावरा : कलम का तलवार हो जाना। इसका अर्थ है क्रांतिकारी विचारों को प्रकट करना। इसका वाक्य में प्रयोग इस तरह है : आजादी की लड़ाई के दौरान पत्रकारों की कलम तलवार बन गई थी। पांचवां मुहावरा : टोपी वाले का खेल खेलना। इसका अर्थ है सियासत करना। वाक्य में प्रयोग : कई नेता जनहित के मसलों पर भी टोपी वालों का खेल खेलने में लगे हैं।

# दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत मौसम सुधार

जब धरती पर नगरीकरण की गति धीमी थी, पेड़-पौधे बहुतायत में थे और प्रकृति को अलग-अलग तरीकों से विषाक्त करने वाले औद्योगिक-व्यापारिक काम नहीं हो रहे थे, तब तक ठंड-धुंध जनजीवन के लिए कष्टकारी नहीं थी। हिमपात के बाद हिम के वाष्पीकरण से उत्पन्न कोहरे को पेड़ों, फसलों और वनों की हरियाली द्वारा सोख दिया जाता था। इसलिए कोहरा एक हफ्ते से ज्यादा धरती के मैदानी भागों और वायुमंडल में ठहरता ही नहीं था। हरियाली की अधिकता के प्रभाव में ठंड, धुंध, शीत, कोहरा या शीतलहर के जनजीवन पर नकारात्मक प्रभाव नहीं होते थे।

**विकेश कुमार बडोला**

उत्तर और मध्य भारत का मैदानी भूभाग शीत, शीतलहर और अंधेरी धुंध में परिवर्तित है। समुद्र की दैनिक प्राकृतिक गतिविधि की परिधि से बाहर के पश्चिम और दक्षिण भारत के भूक्षेत्र भी शीत ऋतु के अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव में होते ही होते हैं। शीत हो, ग्रीष्म हो या अन्य ऋतुएं हों, इनमें मौसम हमेशा से ऐसा नहीं था, जैसा कि बीते कुछ सालों में हो रहा है। उत्तर दिशा के मैदानी क्षेत्र ऋतुओं की विकृतियों के कारण जीने लायक नहीं रहे। ऐसे क्षेत्रों में जीवन अनुकूल नहीं रहा। ऐसी जगहें दिन-प्रतिदिन मौसम की मार से जीवन के प्रतिकूल होती जा रही हैं। भारत में प्रगति के परिणामस्वरूप जैसे-जैसे पेड़ों और वन-वनस्पतियों में कमी होती रही, उसी गति से ऋतुचक्र असंतुलित होता रहा। यह प्रक्रिया बीते पचास-साठ सालों से बहुत तेजी से हो रही है। इस कारण शीत ऋतु में मौसम अत्यंत मारक हो जाता है। भारत में हिमालय की श्रृंखला में मौसम कैसा है, इसका सीधा प्रभाव हिमालय की तलहटी में बसे मैदानी क्षेत्रों पर पड़ता है। हिमालय की पूरी श्रृंखला 595000 किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। यह अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भूटान, चीन, भारत और नेपाल के भौगोलिक क्षेत्रों को स्पर्श करते हुए परिव्याप्त है। भारत के अलावा दूसरे देशों में स्थित हिमालयी पट्टी की जलवायु में होने वाली अस्थिरता का असर सीधे-सीधे हिमालय में और इसके समानांतर स्थित भारत के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों पर भी होता है। इसी तरह भारत की तरफ के हिमालय के मौसम में उत्पन्न परिवर्तन का प्रभाव उक्त देशों पर भी होता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की पर्वतमाला में हिमपात और वर्षा के बाद शुरू होने वाली विकट ठंड पंद्रह दिसंबर से फरवरी तक उत्तर और मध्य भारत के मैदानी जनजीवन को थाम देती है। ठंड के साथ धुंध की घनी परत यहां-वहां सब जगह फैल जाती है। इस कारण सूरज की किरणें भी धुंधग्रस्त क्षेत्रों में दिखाई नहीं देतीं। असल में यह धुंध उसी बर्फ में से उठने वाली वाष्प होती है, जो लाखों किलोमीटर तक फैली हुई पर्वत श्रृंखला में गिरी हुई होती है। हिमपात के दो-तीन दिन बाद इसमें से वाष्प उठनी शुरू हो जाती है, जो बहुत बड़ी मात्रा में ऊंचे पर्वतों की चोटियों से उडकर, कभी धीमे-धीमे तो कभी तेजी से सरकते हुए, नीचे के समतल भूभागों और इनके ऊपर के वायुमंडल में फैल जाती है। अधिक मात्रा में गिरी-जमी बर्फ के वाष्पीकरण की यह क्रिया कम से कम पंद्रह दिनों और अधिकतम डेढ़ महीने तक होती रहती है। हरेक साल ऋतुचक्र के असंतुलन से वाष्पीकरण की क्रिया एक निर्धारित अवधि तक ही नहीं होती। प्रति वर्ष इसकी अवधि कभी कम तो कभी ज्यादा होती है। इस वाष्प की मात्रा इतनी ज्यादा होती है कि यह कई दिनों तक मैदानी भूभाग और इसके वायुक्षेत्र में स्थिर रहती है। इससे जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं होने लगती हैं। शरीर के लिए तो ऐसी ठंड और धुंध घातक होती ही होती है, साथ ही साथ यह मनोविकार और अवसाद भी बढ़ाती है। जब धरती पर नगरीकरण की गति धीमी थी, पेड़-पौधे बहुतायत में थे और प्रकृति को अलग-अलग तरीकों से विषाक्त करने वाले औद्योगिक-व्यापारिक काम नहीं हो रहे थे, तब तक ठंड-धुंध जनजीवन के लिए कष्टकारी नहीं थी। हिमपात के बाद हिम के वाष्पीकरण से उत्पन्न कोहरे को पेड़ों, फसलों और वनों की हरियाली द्वारा सोख दिया जाता था। इसलिए कोहरा एक हफ्ते से ज्यादा धरती के मैदानी भागों और वायुमंडल में ठहरता ही नहीं था। हरियाली की अधिकता के प्रभाव में ठंड, धुंध, शीत, कोहरा या शीतलहर के जनजीवन पर नकारात्मक प्रभाव नहीं होते थे।

मैदानी वन क्षेत्र हिम के वाष्पीकरण से ज्यादा दिनों तक प्रभावित नहीं रहते थे। वनों, फसलों और हरियाली की उपस्थिति से शीतऋतु असहनीय, पीड़ादायी और रोगकारक नहीं होती थी। यह जनजीवन के लिए अनुकूल, सुहानी और स्वास्थ्यप्रद होती थी। केवल शीत ऋतु ही नहीं, बल्कि ग्रीष्म ऋतु में होने वाली प्रचंड गर्मी, अत्यधिक गर्म सतह के कारण उत्पन्न असहनीय और बीमार कर देने वाली गर्म लहर भी इतनी कष्टसाध्य नहीं थी। जब तक मैदानी भूभाग वन क्षेत्रों से भरे हुए थे और नगरीकरण की गति धीमी थी, तब तक शीतऋतु में होने वाले हिमपात, वर्षा और कोहरे का जनजीवन पर बुरा प्रभाव नहीं था। दिनोंदिन प्रतिकूल होती जा रही मौसमीय परिस्थितियों में सबसे ज्यादा विचारणीय यह बिंदु है कि नगरीकरण और ढांचागत विकास के लिए जितनी मात्रा में सौ-सौ, दो-दो सौ साल पुराने विशालकाय लाखों-करोड़ों पेड़ों को काटा गया है, क्या इनकी भरपाई के लिए लगाए-उगाए जा रहे पेड़-पौधे थोड़े समय में ही विशालकाय होकर उतने वन क्षेत्र के रूप में फैल जाएंगे, जितने कि जलवायु की अनुकूलता के लिए आवश्यकता है। इसी सदंर्भ में दूसरा विचारणीय बिंदु यह है कि वर्षों पुराने पेड़-पौधों को ध्वस्त करने के बाद उनकी पूर्ति के लिए बोए-उगाए जा रहे पेड़-पौधों में क्या जलवायु नियंत्रण की अपेक्षित कार्यक्षमता है।

देश-दुनिया के शासकों, कर्ताधताओं और धन-संसाधन संपन्न लोगों को मौसम की मार के सामने अपनी भौतिक महत्त्वाकांक्षाओं को छोटा समझकर इन्हें थामने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। उनकी ऐसी महत्त्वाकांक्षाएं करोड़ों आम लोगों के दैनिक जीवन पर बहुत भारी पड़ रही हैं। कारखानों में निर्माण के बाद उत्सर्जित होने वाले अलग-अलग रासायनिक कणों और पेट्रो पदार्थों के इस्तेमाल के बाद उत्पन्न होने वाले विषैले तत्वों के साथ मिलकर चलने वाली आजकल की शीतलहर, कोहरा और धुंध को कम करने के लिए हम क्या करें, इस दिशा में विचार-विमर्श और प्रभावी कार्यक्रम तय किए जाने बहुत जरूरी हैं। यह एक कड़वा सच है कि दुनिया मौसम सुधार के जिस काम की सबसे ज्यादा अनदेखी कर रही है, असल में दुनिया के जनजीवन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी यही काम है। जब पेड़-पौधे काटने का काम तेज गति से हो सकता है, तो हरियाली को बनाए रखने के लिए ठोस योजनाओं का क्रियान्वयन भी जरूरी है।

# चरित्र

**चिंतन-मनन**

विषयक सदाचार चरित्र की सर्वश्रेष्ठ विशेषता और कसौटी मानी गई है। कुछ अर्थों में चरित्र' शब्द से मर्यादित कामोपभोग का ही अर्थ लगाया जाता है। कामुकता की स्वच्छंदता ने सामाजिक ढांचे को खोखला कर दिया है। स्वास्थ्य की दुर्दशा, अशक्तता, अपहरण, हत्या और आत्महत्या के जितने दृश्य दिखाई दे रहे हैं उन सबका अधिकांश कारण मनुष्य का चारित्रिक पतन ही है। सदाचार की सीमाएं जब तक निर्धारित न होंगी और दुराचार पर जब तक प्रतिबंध नहीं लगेगा तब तक समाज में सुख- शांति और व्यवस्था स्थापित होना प्रायः असंभव है। भीतर-बाहर से पवित्र रहने शुद्ध आचरण करने, श्रेष्ठ पुस्तकों के स्वाध्याय, सत्संग, शक्ति पुरु षार्थ, आत्मिक- प्रसन्नता के आधार पर ही मनुष्य की उन्नति संभव है। आत्म-नियंत्रण, संयम और संभाषण से न केवल अपने को वरन अपने पास-पड़ोस और संपर्क में आने वालों को भी सुख मिलता है। मानवता का विकास भी इसी से संभव है कि दूसरों को भी अपने ही समान समझें और सबके साथ सद्व्यवहार करें। ये सब चरित्रवान व्यक्ति के लक्षण हैं। जिनके द्वारा दूसरों को भी आत्म-कल्याण की प्रेरणा मिले वही चरित्र के सच्चे धनी कहे जा सकते हैं। परनिंदा, छिद्रान्वेषण, झूठ, छल,कपट, व्यभिचार, लोलुपता, ये सब आसुरी प्रवृत्तियां हैं। इनसे विनाशकारी परिणाम ही निकलते हैं। आत्म-संयम और स्वत्वाभिमान द्वारा वैयक्तिक और सामाजिक, सभी प्रकार की श्रेष्ठताओं का उदय होता है। चरित्र-साधना का मूलाधार मानसिक पवित्रता है। जीवन के छोटे-मोटे प्रत्येक व्यवसाय और क्रिया-कलाप में मानसिक स्थिति का प्रभाव पड़ता है। आत्मिक पवित्रता का परिणाम सदाचरण है जिससे सुख मिलता है। कुविचारों से कुकर्म उठ खड़े होते हैं,जिससे कष्ट, क्लेश और मुसीबतें आ उपस्थित होती हैं। इसलिए छोटे- से-छोटे कार्य में भी पवित्रता का भाव बनाए रखने से चारित्रिक विकास होता है। प्रातःकाल सोकर उठने से दिन भर कार्यरत रहने और सायंकाल निद्रां माता की गोद में जाने तक जितने कर्म हमें करने पड़ें उनमें पवित्रता का भाव बना रहे तो ही किसी को चरित्रवान कहलाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यह एक साधना है जिसकी सिद्धियां अनंत हैं।

## आपके पत्र

### तिरस्कृत युवाओं की शरणस्थली बना नक्सलवाद

दंतेवाड़ा के नारायणपुर में चार नक्सली पुलिस की मुठभेड़ में ढेर हो गए। हमारा एक जवान भी शहीद हो गया। मुठभेड़ का सिलसिला थम नहीं रहा है। नक्सलियों को पुलिस लोहा मनवा रही है। नल्सलवाद समाज में ठुकराए गए युवाओं का समूह बनता जा रहा है। शिक्षा के नाम पर जीरो ऐसे युवा नक्सलियों के साथ हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। यह मुठभेड़ पहली या आखिरी नहीं है।

अनेक बार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। शहीद आत्मसमर्पित नक्सली थे। आतंकवाद और नल्सलवाद, यह पीठ के जहरीले फोड़े हैं। परिवार अपनी संतान खो रहा है, जबकि देश के लिए भारी क्षति है। नक्सलवाद को नेस्तनाबूद करने के प्रयास तेजी से हो रहे हैं। इसके बावजूद अभी भी ठोस प्रयासों की जरूरत है।

**बीके सिंह, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## जनता दरबार के माध्यम विधायक प्रतिनिधि ने सुनी आम जनों की समस्या

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधायक निसात आलम के निदेर्शानुसार बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान मिजार्पुर रामनगर बटाइल मधवापाड़ा पलासबोना श्रीकुंड एवम नगर पंचायत से आए दर्जनों महिलाओं ने विधायक कक्ष में मईया सम्मान योजना का आवेदन ऑनलाइन होने के बावजूद भुगतान न होने की शिकायत विधायक प्रतिनिधि से किया।बरकत खान ने संबंधित अधिकारी से वातालार्प किया आश्वासन दिया गया। कि वर्तमान समय में पोर्टल बंद है जैसे ही पोर्टल खुलेगा समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।साथ ही बिजली अबुवा आवास,पेंशन का भुगतान नहीं होने तथा अंचल से संबंधित समस्या को लेकर भी आम जन उपस्थित हुए,प्राप्त शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बरकत खान ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को। विधायक कक्ष में उपलब्ध रहते हैं।निस्वार्थ भावना से लोगों की समस्या का निदान करना कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता है।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,अनारूल खान,रबीउल इस्लाम मो.सफातुल्ला राकेश महतो,समीम सहित दर्जनों कार्यकर्ता तथा ग्रामीणगण उपस्थित थे।

## उधवा झील में जलकुंभी के तने से महिलाओं को शिल्प बनाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**साहिबगंज/उधवा:** नीति आयोग के आकांक्षी जिला फंड से उधवा झील पक्षी अभयारण्य के आसपास के गांवों में महिलाओं खासकर आदिवासियों को जलकुंभी के तने से शिल्प बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल वन्यजीवों की रक्षा ग्रामीण आजीविका और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा दे रही है। उधवा झील पक्षी अभयारण्य एक महत्वपूर्ण वन्यजीव आवास है।जहां कई दुर्लभ और संरक्षित प्रजातियां पाई जाती हैं। लेकिन जलकुंभी के तेजी से प्रसार ने झील के पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डाल दिया है। इस समस्या का समाधान करने के लिए,नीति आयोग के आकांक्षी जिला फंड से महिलाओं को जलकुंभी के तने से शिल्प बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में, महिलाओं को जलकुंभी के तने से विभिन्न प्रकार के शिल्प बनाने की तकनीक सिखाई जा रही है, जैसे कि बास्केट, मैट, और अन्य सजावटी वस्तुएं। यह न केवल महिलाओं को एक नया कौशल प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। इस पहल का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह वन्यजीवों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है। जलकुंभी के तने से शिल्प बनाने से झील के पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे से बचाया जा सकता है, और साथ ही साथ वन्यजीवों के आवास को भी संरक्षित किया जा सकता है।

इस संबंध में महिलाओं का कहना है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए एक नए अवसर का दरवाजा खोल रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं जलकुंभी के तने से शिल्प बना सकती हूं, लेकिन अब मैं इसे एक व्यवसाय के रूप में देख रही हूं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल मुझे एक नए कौशल की शिक्षा दे रहा है, बल्कि मुझे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने का अवसर भी प्रदान कर रहा है।

## प्रखंड क्षेत्र में घने कोहरे और धुंध की चादर में लिपटा हुआ दीखाई दिया

साहिबगंज/मंडरो:प्रखंड क्षेत्र में मौसम अचानक करवट बदलता नजर आ रहा है। बुधवार की सुबह क्षेत्र में घने कोहरे और धुंध की चादर में लिपटा हुआ दिखाई दिया। सुबह-सवेरे सड़कों पर कोहरा इतना घना था। कि वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। लोगों को अपनी दैनिक गतिविधियों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा लोग अपने अपने घरों में दुबके हुए नजर आ रहें हैं। जरूरी कार्य से ही घरों से बाहर लोग नीकल रहें हैं। साथ दीन भर कंपकंपाती ठंड हवा चली जींस कारण ठंड और पड़ गई है। प्रखंड क्षेत्र से कई किलोमीटर दूर से स्कूल बच्चे साईकिल चलाकर बिहार राज्य के गोखला मिशन में 9,10 क्लास के बच्चे गर्म कपड़े पहने स्कूल जाते हुए नजर आए।

## यहां अब तक सड़कें नहीं बन पाया न ही यहां पर बिजली की पोल लगा है : ग्रामीण

**साहिबगंज :** युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम के नेतृत्व में सदर प्रखंड के लालबथानी तीन घारिया मंसुर टोला का दौरा किया।जहां लोगों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि यहां अब तक सड़कें नहीं बन पाया न ही यहां पर बिजली की पोल लगा है।वही लोगों ने बताया कि इस संबंध में पंचायत के वार्ड सदस्य व मुखिया को कई बार बोला गया।लेकिन अब तक बिजली का पोल नहीं लग पाने के कारण हमलोग बास को पोल बनाकर बिजली का उपयोग कर रहे हैं।वही उनलोगों ने बताया कि तेज हवा चलने से तार कट जाता है कभी बास टूट जाता है।जिससे हमलोगों के समक्ष कई समस्या उत्पन्न हो जाती है।वही लोगों ने कांग्रेस नेता कौसर आलम से श्रेत्र में बिजली का पोल लगाने की मांग की है।ताकि की लोगो को सही बिजली मिल सके।वहीं कांग्रेस नेता कौसर आलम ने ग्रामीणों को आश्वाशन दिया कि जल्द से विभाग से बात कर आप लोगों की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।मौके पर अब्दुल खालिक,मो आशिक, जमशेद अली,कौशर,मो शमीम, अली हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## महिला की सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता होगी

**साहिबगंज :** एसपी अमित कुमार सिंह ने 2018 बैच की गायत्री कुमारी को महिला थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया है। इससे पहले वह चतरा जिला में महिला थाना प्रभारी के रूप में चार वर्ष कार्यरत थी।वहीं एसआई गायत्री कुमारी से पहले महिला थाना प्रभारी के रूप में दुर्गा गुप्ता पर स्थापित थी। लंबी छुट्टी होने के कारण तत्काल पदभार एससी-एसटी के थाना प्रभारी सन्नी बारा को दिया गया था। गायत्री कुमारी ने महिला थाना का पदभार ग्रहण किया है । उन्होंने बताया की महिला की सुरक्षा मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कोई भी पीड़ित महिला अगर महिला थाना में आकर गुहार लगा रही है तो निश्चित रूप से मामले को संज्ञान में लेते हुए तुरंत कार्रवाई होगी। महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वाले, महिलाओं पर अत्याचार करने वाले के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं के सुरक्षा के लिए महिला थाना की पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी।

## पुराने वाहनों के नीलामी होगी

साहिबगंज:जिरवाबाडी थाना परिसर में लगे वर्षों से जब्द किए गए वाहनों की जांच के लिए एमभीआई पदाधिकारी विमल किशोर सिंह व अभिषेक मुंडा थाना पहुंचे। इसी दौरान इन्होंने बताया कि कुछ पुराने वाहनों के नीलामी होनी है। इसका निर्देश वरियपदाधिकारी के द्वारा दिया गया था। नीलामी होने वाले वाहनों का अवलोकन किया गया। इसमें छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहन शामिल हैं।जिरवाबाडी में लगी 33 वाहनों की नीलामी होनी है। जबकि मुफस्सिल थाना में 18 व बहरेट में 62 वाहनों के भी नहीं नीलामी होनी है। अभी फिलहाल सभी वाहनों की जांच की जा रही है आगे के निर्देश आने के बाद कार्रवाई होगी। मौके पर एमभीआई के अमन कुमार एवं जिरवाबाडी पुलिस मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय कर्मियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहङ्म 2025 के सातवें दिन के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज ज़िले के सभी सरकारी कार्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय कर्मियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों समाहरणालय परिसर, जिला परिवहन कार्यालय, पुलिस मुख्यालय, प्रखंड कार्यालय जन सूचना कार्यालय, विकास भवन, नगर परिषद एवं अन्य कार्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी कार्यालय के कर्मियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया गया एवं पंपलेट, बुकलेट, हैंडबिल के माध्यम से सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम सड़क सुरक्षा हर कार्यालय में;का उद्देश्य यह है। कि सभी कार्यालय के कर्मि सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूक रहे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए हेलमेट सीटबेल्ट का प्रयोग करेंगे एवं सड़क पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सड़क दुर्घटना में हो रहे मृत्यु दर में कमी लाने में सहयोग किया जाएगा एवं नेक नागरिक बन कर सड़क में घटित दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति की मदद करके नेक नागरिक का पालन करेंगे। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ के माध्यम से पूरे जिले में ऑडियो क्लिप एवं पम्पलेट, बुकलेट हैंडबिल वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया।








सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले भर में घूम-घूम कर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कराया जा रहा है। जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति जानकारी का अभाव न रहे एवं सभी वाहन चालक अपने वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वार सभी से अपील किये कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। सभी चालक मोटरसाइकिल चलते समय हेलमेट आवश्य पहने साथ ही चार पहिया या उससे अधिक के वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने बिना ड्राइविंग लाइसेंस का वाहन का परिचालन ना करें समेत अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया। मौके पर डीएसपी विजय कुशवाहा एमभीआई विमल किशोर सिंह, प्रशिक्षुक एमभीआई अभिषेक मुंडा जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर एवं आईटी सहायक राजहंस मौजूद रहे।

# वर्णवाल समाज ने राजा अहिवरण के तस्वीर पर तिलक एवं फूलमाला पहनाकर किया पूजा पाठ



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के मिजाचौकी दुर्गा मंदिर पोखर परिसर में वर्णवाल समाज के लोगों द्वारा अहिवरण जयंती व मिलन समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ। वर्णवाल समाज के राष्ट्रीय व राजकीय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित हुए इस जयंती समारोह को सर्वप्रथम जयंती सह मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ। झारखंड राज्य महिला वर्णवाल संघ के अध्यक्ष सुषमा वर्णवाल, झारखंड राज्य वर्णवाल संघ के अध्यक्ष लखन लाल वर्णवाल ,राष्ट्रीय सचिव डा हर्षवर्धन वर्णवाल,बयो बृदध दीपनारायण वर्णवाल एवं डा विजय? वर्णवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया ।वहीं सुप्रिया वर्णवाल एवं सुनिता वर्णवाल ने राजा अहिवरण के तस्वीर पर तिलक एवं फूलमाला पहनाकर आरती की। मौके पर मिजाचौकी के ओमप्रकाश वर्णवाल, शिवशंकर वर्णवाल एवं अभय वर्णवाल ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया।इस संबंध में डा हर्षवर्धन वर्णवाल ने बताया गया। कि बुलंद शहर के राजा अहिवरण थे, इनके शासनकाल में चौमुखी विकास एवं प्रजा को अपना वंशज व परिवार मानते हुए नगर बसाया वहां हम सभी आर्यावर्त में सबसे विकसित नगर था ,वरण सूर्य वंश के राजा थे,वरण वंश के नाम पर वरणावती नदी है।वहां वर्णवाल जाति के ही लोग थे वरण वंश, फलता फूलता इस जनपद को देख मोहम्मद गोरी व तुगलक वंश ने आक्रमण कर उस नगर को विखंडित कर दिया गया।हर्षवर्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। कि बुलंद शहर का नाम बदलकर वर्ण नगर रखा जाय,ताकि वर्ण वंश की अस्मिता लोग भुलाए नहीं।इस दौरान डा विजय वर्णवाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे को बढ़ावा दिया जाए, अपने कार्य शैली को आर्थिक सामाजिक नैतिक पर ध्यान देते हुए समृद्ध एवं शाश्वत बने मोके पर उद्घोषक जयवर्धन वर्णवाल सुप्रिया वर्णवाल ओमप्रकाश वर्णवाल, अभय वर्णवाल, शिवशंकर वर्णवाल सदस्यों में सुबोध वर्णवाल, चन्दन वर्णवाल, रंजित वर्णवाल,पवन वर्णवाल,अंगद वर्णवाल, सहित सैकड़ों वर्णवाल जाति के लोग उपस्थित थे।

## जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद, आकांक्षी मद अनाबद्ध निधी नीति आयोग से संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी।बैठक में डीएमएफटी अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कार्यकारिणी एजेंसी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल द्वारा निर्मित मध्य विद्यालय पुलिस लाईन बोरियो में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण मध्य विद्यालय बरमसिया बरहेट में छः अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण का कार्य एकरानामा की प्रक्रिया में है। वहीं सदर अस्पताल परिसर में पेपर ब्लॉक का निर्माण, का कार्य पूर्ण कर ली गई है।कार्यकारिणी एजेंसी एन०आर०ई०पी०, के कायों के विषय में जानकारी ली सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।वहीं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से चल रहे। निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने को कहा गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार विन्हा जिला भुमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी जिला ग्रामीण विकास विश्वम्बर पटेल, कार्यपालक अभियंता देवीलाल हांसदा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामा कान्त एवं सभी जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद के फैलो उपस्थित थे।

# मोती झरना वा मोती नाथ बाबा मंदिर पर जालीदार तार लगाने की मांग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** हिंदू धर्म रक्षा मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिख कर तालझारी प्रखंड अंतर्गत मोती झरना व मोती नाथ बाबा मंदिर पर जालीदार तार लगाने की मांग की।उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिला का प्रसिद्ध एकमात्र जलप्रपात पर्यटन स्थल मोती झरना व मोती नाथ बाबा मंदिर है।आए दिन पड़ोसी राज्य बिहार,पश्चिम बंगाल,उड़िसा एवं जिला के आस पास के सैकड़ों कि संख्या में पर्यटकों का आगमन होते रहता है।मोती झरना में लगभग 200 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है।जलप्रपात के साथ पत्थरों का टुकड़ा नीचे गिर जाता है ठीक जलप्रपात के समीप ही मोती नाथ बाबा का गुफा मंदिर है।



उन्होंने बताया कि मोती नाथ बाबा के दर्शन करने के दौरान 200 फीट ऊपर से पत्थर के टुकड़े गिरता रहता है साथ ही साथ ऊपर में बंदरों का भी चहल-पहल होने से भी जलप्रपात में पहाड़ का पत्थर का चट्टान नीचे गिरते रहता है जिससे कभी भी पर्यटकों एवं भक्तों पर कभी भी अप्रिय दुर्घटना घट सकती है। और अभी हाल ही में एक बड़ी दुर्घटना घटित होने से बच गई।बजरंगी महतो ने कहा कि पूर्व में भी निवर्तमान उपायुक्त से जालीदार तार लगाने की मांग की गई थी।ताकि पर्यटकों सुरक्षित जलप्रपात का मनोरम दृश्य का लुत्फ उठा सके पर अब तक जालीदार तार नहीं लग पाने के कारण पर्यटक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

# नवल हत्याकांड के निष्पक्ष जांच करने परिवार की सुरक्षा आर्थिक हर्जाना दिलाने की मांग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र में अंचल कार्यालय के समीप हुए को जनवरी को गुल्ली भट्टा पांच मोड निवासी नवल ताती की हत्याकांड मामले में महेंद्र तांती व नवल के स्वजनों ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह से मुलाकात कर नवल हत्याकांड का निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने एवं नवल के परिवार को आर्थिक हजार्ना दिलवाने के लिए गुहार लगाया है।

गुल्ली भट्टा पांच मोड निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेंद्र तांती ने दिए गए आवेदन में बताया कि बीते 15 अक्टूबर को नगर थाना में वकील महेश ताती द्वारा मुझे जान मारने की धमकी देने को लेकर दिया था। बीते 4 जनवरी को नवल कुमार ताती हत्याकांड में जांच में या स्पष्ट हुआ कि महेश तांती मेरा पुत्र उसेद्र कुमार उर्फ गुल्लू तांती की हत्या करना चाहता था, लेकिन नवल तांती की हत्या हो गई।जो यह बिंदु भी जांच का विषय है।इस बिंदु पर निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।बताया कि मेरे सभी परिवार के सभी सदस्य किसी तरह जी रहे हैं मैं अपने जमीन को महेश कुमार तांती के अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए न्यायालय में एक केष किया था।नवल ताती हत्या का मुख्य अभियुक्त महेश कुमार तांती उसकी पत्नी नसीमा खातून उसका दोनों पुत्र शैलेंद्र कुमार तांती उर्फ सूरज कुमार तांती दूसरा पुत्र विश्वजीत कुमार तांती उर्फ शिवम कुमार तांती

सहित परिवार के अन्य सदस्य द्वारा हम लोगों को धमकी दी जाती थी की सब को मरवा कर जमीन को दोबारा कब्जा जा कर लेंगे।बताया की नवल तांती हत्या में उसके भाई गौतम ताती के आवेदन पत्र के आधार पर महेश कुमार तांती विश्वजीत कुमार उर्फ शिवम तांती के अतिरिक्त महेश कुमार तांती को कथित पत्नी नसीमा खातून पुत्र शैलेंद्र कुमार तांती उर्फ सूरज कुमार तांती पुत्री अर्चना कुमारी उर्फ स्वीटी कुमारी प्रियंका कुमारी उर्फ पूजा कुमारी के विरुद्ध नवल कुमार तांती की हत्या का केस दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं नवल कुमार तांती के परिवार को आर्थिक हरजाना दिलवाने की गुहार लगाया हैं।

# 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होगा राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निदेश पर अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 के आयोजन को लेकर बैठक की गयी।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि 21 फरवरी से 28 फरवरी तक राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मेला का उदघाटन ग्राम प्रधान के द्वारा किया जाएगा।आदिवासी फूड स्टॉल सहित कई स्टॉल मेला में लगाए जाएंगे जो संथाल परगना की संस्कृति को प्रदर्शित करेगा।कहा कि सरकार के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जायेगी।पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी,पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थायें की जायेंगी ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न समितियों का गठन जल्द से जल्द कर तैयारी प्रारंभ करें ताकि आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहें।उन्होंने सभी संबंधित विभाग को अपने कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निदेश दिया।जिला खेल पदाधिकारी को मेला अवधि के दौरान कराए जाने वाले खेलकूद की सूची तैयार करने का निदेश दिया है।कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लें ताकि उपायुक्त के



स्तर पर गठित समिति से अनुमोदन प्राप्त कर आवश्यक कार्य ससमय प्रारंभ किया जा सके।

इस दौरान कृषि प्रदर्शनी ,हिजला मेला का सफल आयोजन हेतु आवंटन के संबंध में,मेला आयोजन तिथि के प्रचार-प्रसार के संबंध में,हिजला मेला की बन्दोवस्ती हेतु उप-समिति का गठन करने के संबंध में,मेले में खेलकूद का आयोजन तथा खेलकूद उप समिति का गठन के संबंध में,मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला उ?द्घाटन तथा समापन उप समिति के गठन के संबंध में, मेला स्थल की रंगाई-पुताई, मरम्मति, रोशनी, पेयजल एवं मेला मार्ग के संबंध में,प्रशासनिक भवन/पर्यटन भवन/बाहरी एवं भीतरी कला मंच/ग्राम प्रधान का कच्चा घर की मरम्मति, रोशनी एवं पेयजल के संबंध में, मेला पहुँच पथ की मरम्मति, रोशनी एवं पेयजल के संबंध में,परिवहन एवं पार्किंग व्यवस्था के संबंध में, अस्थायी शौचालय का निर्माण, विधि व्यवस्था, लौजिस्टीक स्पोटर्स, पानी ऐडवेंचर्स स्पोर्टस,स्मारिका / आमंत्रण कार्ड छपाई के संबंध में, जनजातीय हिजला मेला मार्ग में तोरण द्वार का निर्माण,मेला परिसर में बोलन्टियर की प्रतिनियुक्त, जागरुकता अभियान, बाहरी कलाकार के कला प्रदर्शन एवं पुरस्कार राशि का निर्धारण पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

## संध्या थिएटर भगदड़ पीड़ित को सांत्वना देने अस्पताल पहुंचे अल्लू अर्जुन



**तेलंगाना टॉलीवुड** अभिनेता अल्लू अर्जुन ने राज्य फिल्म विकास निगम (टीजीएफडीसी) के अध्यक्ष दिल राजू के साथ मंगलवार को बेगमपेट स्थित किम्स अस्पताल का दौरा किया और श्रीतेज को सांत्वना दी, जो चार दिसंबर को संध्या थिएटर भगदड़ में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अर्जुन ने अस्पताल में लगभग 20 मिनट बिताए, डॉक्टरों से श्रीतेज की स्थिति के बारे में बात की और उनके पिता भास्कर को सांत्वना दी।

गौरतलब है कि पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान हुई दुखद घटना के बाद श्रीतेज पिछले 35 दिनों से अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। भगदड़ में उनकी मां रेवती की मौत हो गई थी। अभिनेता ने पुलिस को अपने दौरे के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था, और उनके निदेशों का पालन किया। उनके अस्पताल में रहने के दौरान भारी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई थी। अर्जुन को चार दिसंबर की घटना के बारे में पहले ही नोटिस दिया जा चुका था, जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।



## छात्रों ने बनाया सोनू सूद का 390 फीट का कटआउट


**महाराष्ट्र** में शोलापुर के 500 छात्रों ने सोनू सूद को सम्मानित करने के लिए उनका 390 फीट का कटआउट बनाया है। सोनू सूद की आने वाली एक्शन थ्रिलर फिल्म फतेह के लिए उत्साह ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। शोलापुर में सोनू सूद के प्रशंसकों ने उनका 390 फीट का कटआउट पोस्टर बनाया है। यह फि ल्म फतेह की बहुप्रतीक्षित रिलीज से पहले सोनू सूद के लिए अपार प्रेम और प्रशंसा को दशार्ता है। फतेह को लेकर उत्साह सिर्फ. एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। उत्तरी इलाकों से लेकर दक्षिणी राज्यों तक, फि ल्म फतेह के लिए दीवानगी तेजी से फैल रही है।

सोनू सूद की अमृतसर, शिरडी, लखनऊ और दिल्ली की यात्राओं ने भारी भीड़ खींची है, प्रशंसकों ने अविस्मरणीय तरीकों से अपनी भक्ति और समर्थन का प्रदर्शन किया है।रिकॉर्ड तोड़ने वाले 390 फुट कटआउट के अलावा, प्रशंसकों ने फिल्म फतेह की ब्रांडिंग के साथ फतेह-थीम वाली टी-शर्ट, मूर्तियां और यहां तक कि सजे हुए ऑटो भी बनाए हैं।

सोनू सूद निर्देशित और लिखित फतेह, हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद, जी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल और अजय धामा सह-निर्मित, फतेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज होगी।

## बुमराह आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट

### कमिंस और पैटरसन भी रेस में; वुमेंस क्रिकेटर में स्मृति मंधाना का नाम



**एजेंसी/दुबई:** जसप्रीत बुमराह दिसंबर की परफॉर्मेंस के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत सकते हैं। आईसीसी ने उनके साथ साउथ अफ्रीका के गेंदबाज डैन पैटरसन और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को भी नॉमिनेट किया है। वूमंस क्रिकेटर में भारत की स्मृति मंधाना भी रेस में हैं। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और साउथ अफ्रीका की एन मलाबा भी नॉमिनेट हुई हैं। जसप्रीत बुमराह ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 विकेट अपने नाम किए। मेलबोर्न और ब्रिस्बेन में तो उन्होंने 18 विकेट लिए।

एडिलेड में वह चार ही विकेट ले सके, क्योंकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने दो ही ओवर बैटिंग कर मैच जीत लिया था। प्लेयर ऑफ द मंथ की रेस में साउथ अफ्रीका के डैन पैटरसन भी शामिल हैं। उन्होंने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ दो ही टेस्ट में 13 विकेट झटक लिए। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ तीन टेस्ट में 17 विकेट लिए।

# बेटी दुआ के जन्म के बाद कल्कि 2898 एडी पार्ट 2 की शूटिंग के लिए तैयार दीपिका पादुकोण



**अभिनेत्री** दीपिका पादुकोण को आखिरी बार कल्कि 2898 ई. में देखा गया था और बाद में उन्होंने 8 सितंबर, 2024 को अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह को जन्म देने के बाद फिल्मों से ब्रेक ले लिया। फैंस कल्कि 2898 ई. के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खैर, ऐसा लग रहा है कि दीपिका अब फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और फैंस इसके लिए काफी उत्साहित हैं।


5 जनवरी को दीपिका को कल्कि 2898 ई. के निर्माताओं ने शुभकामनाएं दीं और अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसके अंत में एक नोट था, 'सेट पर जल्द ही मिलते हैं'। कई फैंस ने कैप्शन देखा और दीपिका की बड़े पर्दे पर वापसी का जश्न मनाना शुरू कर दिया।

दीपिका ने अपनी बेटी के जन्म के बाद अपने करियर से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया था और अब शूटिंग पर लौटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक यूजर ने लिखा, 'दीपिका के किरदार के बिना कल्कि फिल्म कुछ भी नहीं है', और दूसरे ने कमेंट करते हुए कहा, 'पार्ट 2 कब आ रहा है? कृपया अपडेट करें'। तीसरे यूजर ने लिखा, 'कल्कि की मां सुमति'।

कल्कि 2898 ई. की निर्माता स्वप्ना दत्त ने बताया कि दीपिका गोवा में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में शामिल होने के दौरान सीक्वल के कुछ हिस्सों में मां की भूमिका निभाएंगी। स्वप्ना की बहन और सह-निमार्ता प्रियंका दत्त ने बताया कि सीक्वल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, लगभग 30-35 प्रतिशत, पहले ही फिल्माया जा चुका है।

कल्कि 2898 ई. में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दिशा पटानी और दीपिका हैं। यह फिल्म सुपरहिट रही और इसने वैश्विक स्तर पर 1200 करोड़ रुपये की कमाई की।

## राम चरण की गेम चेंजर की एडवांस बुकिंग ने मचाई धूम, रिलीज से पहले की लाखों की कमाई



**साउथ फिल्मों** का क्रेज इस समय दर्शकों के बीच काफी बढ़ गया है। 2024 में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया और रिकॉर्ड तोड़े। अब सभी की नजर सुपरस्टार राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' पर है, जो 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म राम चरण के पांच साल बाद फिल्मी पर्दे पर सोलो वापसी होगी। फिल्म की एडवांस बुकिंग अब इंडिया में भी शुरू हो गई है, और यह फिल्म पहले ही विदेशों में सफलता की ओर बढ़ चुकी है।

इंडिया में एडवांस बुकिंग की शुरूआतः राम चरण इन दिनों फिल्म 'गेम चेंजर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग पहले विदेशों में शुरू हो चुकी थी और अब 7 जनवरी, 2025 से भारत में भी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने आधे दिन में 4383 टिकट्स की बिक्री कर ली है।राज्यों के हिसाब से देखें तो, कर्नाटक में फिल्म ने 15.12 लाख रुपये, आंध्र प्रदेश में 95.4 हजार ब्लॉक सीटों के साथ लगभग 15 हजार रुपये, और बेंगलुरु में भी 15.12 लाख रुपये की कमाई की है। कुल मिलाकर, फिल्म ने अब तक 75.93 लाख रुपये की कमाई की है। ये शुरूआती आंकड़े हैं, और इन आंकड़ों में वृद्धि हो सकती है।



## बेबी जॉन' की फ्लॉप के बाद भी वरुण धवन की चढ़ाई, पत्नी नताशा संग मिलकर खरीदा करोड़ों का घर

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन हाल ही में फिल्म 'बेबी जॉन' में नजर आए हैं। हालांकि, इस फिल्म को लेकर लोगों में जितना क्रेज देखने को मिल रहा था, बॉक्स ऑफिस पर इसकी गति उतनी ही धीमी रही। हालांकि, फिल्म की फ्लॉप के बावजूद भी वरुण धवन ऊंचाइयों की तरफ बढ़ते नजर आ रहे हैं। हाल ही में एक्टर ने पत्नी नताशा के साथ मिलकर मुंबई में नया घर खरीदा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण धवन ने पत्नी नताशा संग मुंबई के जुहू इलाके में 44.52 करोड़ रुपये का लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। दस्तावेजों से पता चलता है कि यह अपार्टमेंट जुहू में निर्माणाधीन इमारत डी'डेकोर ट्वेंटी की 7वीं मंजिल पर स्थित है।

एक वेबसाइट के मुताबिक, इस परियोजना के लिए प्रस्तावित समापन तिथि 31 मई, 2025 है। दस्तावेजों के अनुसार, अपार्टमेंट 5,112 वर्ग फुट का है, जो रेरा कालीन से बना है और इसमें चार कार पार्किंग की जगह हैं। 3 जनवरी को पंजीकृत अपार्टमेंट के लिए प्रति वर्ग फुट कीमत ?87,000 प्रति वर्ग फुट से ज्यादा है। डी'डेकोर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड इस इमारत का निर्माण कर रही है और डी'डेकोर होम फर्निशिंग नामक ब्रांड का संचालन भी करती है।

## लोग आपकी उपलब्धियां भूल जाते हैं रोहित-विराट के समर्थन में उतरे युवी



**दुबई:** विश्व कप विजेता पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर सूपड़ा साफ होना भारतीय टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की हार से भी बड़ी असफलता है। इन दोनों पराजय के लिए काफी हद तक टीम की बल्लेबाजी विशेषकर कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का खराब प्रदर्शन जिम्मेदार रहा। युवराज ने कहा, मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड से हारना अधिक पीड़ादायक है।

क्योंकि वह घरेलू मैदान पर 3-0 से हार गए। आप जानते हैं, यह स्वीकार्य नहीं है। इसे (बीजीटी हारना) तब भी स्वीकार किया जा सकता है, क्योंकि आप ऑस्ट्रेलिया में दो बार इस जीत चुके हैं और इस बार आपको हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, हम अपने दिग्गज खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बात कर रहे हैं, हम उनके बारे में बहुत बुरी बातें कह रहे हैं। लोग भूल जाते हैं कि उन्होंने अतीत में क्या हासिल किया है। वह इस समय के महानतम क्रिकेटरों में से एक हैं। ठीक है, वे हार गए, उन्होंने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। वे हमसे भी ज्यादा दुखी हैं।



## भारत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसका

**दुबई/एजेंसी:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-3 से हार झेलने वाली भारतीय मेंस टीम ताजा आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गई है। 2019-21 और 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के 109 रेटिंग अंक हैं। टीम इंडिया 2016 के बाद दूसरी बार आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची है।

साउथ अफ्रीका 112 प्वाइंट के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 126 रेटिंग के साथ रैंकिंग में टॉप पर है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से वापसी, मोहम्मद शमी ने पोस्ट में लिखा, दुनिया से टकराने के लिए तैयार



**नई दिल्ली:** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चैंपियंस ट्रॉफी से भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने मंगलवार को एक वीडियो पोस्ट के जरिए अपनी फिटनेस अपडेट दी है। 34 साल के इस गेंदबाज ने अपनी पोस्ट में लिखा, सटीकता, गति और जुनून दुनिया से टकराने के लिए पूरी तरह तैयार! शमी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में अपने प्रदर्शन से वापसी की दावेदारी की थी।

घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शनः डोमेस्टिक क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन शमी ने चोट के बाद बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी के राउंड-1 में मप्र के खिलाफ मैच से वापसी की। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली (टी-20) और विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे) में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था, जिससे भारतीय टीम में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई हैं।

शास्त्री-पोंटिंग का दावा बीजीटी खेलते तो भारत का पलड़ा भारी होताःपूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, अगर मोहम्मद शमी को पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी दौर में टीम में शामिल किया जाता, तो भारत का पलड़ा भारी हो सकता था। दोनों ने उनके इंजरी मैनेजमेंट सिस्टम पर सवाल भी उठाए। ऐसे में सिलेक्टर्स को शमी के बारे में सोचना होगा।

# कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चान्हो प्रखंड मुख्यालय में की समीक्षा बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चान्हो।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रखंड मुख्यालय में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने प्रखंड स्तर पर चल रही योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने पर जोर दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
बैठक के दौरान विभिन्न विभागों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, मनरेगा, 15वीं वित्त योजना, खरछढर, समाज कल्याण, पेयजल और स्वच्छता, बिजली, वन, और भूमि संबंधी मामलों पर गहन चर्चा हुई। मंत्री तिर्की ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में अधिकारियों को पूरी गंभीरता दिखानी होगी।



उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विकास योजनाओं को लागू करने में आ रही अड़चनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर दूर किया जाए। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समन्वय सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में चान्हो प्रखंड के अध्यक्ष और कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे, जिनमें मो. इस्तेयाक, मंगलेश्वर उरांव, इरसाद खान, अब्दुल्लाह अंसारी, सीव उरांव, दिलीप सिंह, महादेव भगत, आलोक मिंज, जमाल अंसारी, जुल्फिकार अली, जूमन खान, सज्जाद अंसारी, अजीत सिंह, मोजीबुल्लाह, मो. गेयास, जुल्फान अंसारी, और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंत्री ने जनता तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने और जनता के हित में तेजी से काम करने का निर्देश दिया। यह बैठक प्रखंड स्तर पर विकास योजनाओं की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### मांडर में पीडीएस डीलरों की बैठक, बकाया कमीशन के भुगतान की मांग उठी



मांडर। मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में सीओ सह प्रभारी बीडीओ चंचला कुमारी की अध्यक्षता में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीडीएस डीलर संघ के जिला मंत्री बाबू पाठक ने डीलरों के बकाया कमीशन के भुगतान की मांग प्रमुखता से उठाई और सीओ से इस पर पहल करने का आग्रह किया।
इस बैठक में प्रखंड प्रमुख दिलीप सहाय एक्का और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित सदस्यों में मजीबुल रहमान, सुनील सिंह, सजीबुद्दीन अंसारी, अफजल हुसैन, सफीक खान, सुशील उरांव, बिरसा मिंज, मुन्ना साहू, अनीता देवी, विमला देवी, पुनिया उरांव, अनुराधा उरांव, और बिमला देवी शामिल थे।
बैठक के दौरान पीडीएस डीलरों ने अपने विभिन्न मुद्दों को भी साझा किया, जिनमें समय पर खाद्यान्न की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर चर्चा हुई। सीओ चंचला कुमारी ने डीलरों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।बैठक के अंत में प्रखंड में पीडीएस व्यवस्था को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की बात कही गई।

### मांडर प्रखंड के पुनगी बरटोली में पुल का शिलान्यास, जनता को मिलेगा वर्षों पुराना सपना



**मांडर।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत मांडर प्रखंड के पुनगी बरटोली नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास दिनांक 7 जनवरी 2025 को झारखंड सरकार के समन्वयक समिति के सदस्य एवं पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की ने किया। यह पुल लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा।
शिलान्यास समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री बंधु तिर्की ने कहा कि पुल के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस पुल के बन जाने से अब लोगों को प्रखंड मुख्यालय या अस्पताल पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। यह पुल वर्षों से यहां की जनता की मांग थी, जिसे आज साकार किया गया है।
श्री तिर्की ने कहा, ₹यह पुल न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी गति देगा। जब आपका विधायक मंत्री होता है, तो आप इसका लाभ भरपूर उठाएं।
इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, तबारक खान, होसे उरांव, समसुल शेख, मो. खालिद, रसीद अंसारी, रसीद खान, मेरी उरांव, हातीम अंसारी, अर्जुन महतो समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पुल के निर्माण से क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने इस पुल को लंबे समय से प्रतीक्षित सपना बताते हुए सरकार और श्री तिर्की का आभार व्यक्त किया।

### सौरभ कुमार ठाकुर बने थाना प्रभारी दिया योगदान



### लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास जगाना मेरी है सर्वोच्च प्राथमिकता : सौरभ ठाकुर

**ज्योति पाठक :** संथाल परगना के आरक्षी उपमहानिरीक्षक के द्वारा प्राप्त अनुमोदन के पश्चात पुलिस अधीक्षक गोड्डा द्वारा पुलिस केंद्र में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ ठाकुर को मेहरमा थाना का थाना प्रभारी बनाया गया। जिसके पश्चात श्री ठाकुर ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा कि- मेहरमा थाना क्षेत्र के निवासियों के लिए सदैव पुलिस बेहतर कार्य करने के साथ साथ पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित हो तथा आम लोगों का विश्वास पुलिस के प्रति निरंतर प्रगाढ़ रहे यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण, अपराधियों की धरपकड़ सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आम लोग अपनी समस्या और पीड़ा लेकर थाना आ सकते हैं और अपनी परेशानी को बेझिझक बताए जिससे पुलिस तत्क्षण कारवाई कर सके। विदित हो कि सौरभ ठाकुर इससे पूर्व चक्रधरपुर, सदर थाना चाईबासा तथा रामगढ़ जिला में पदस्थापित रह चुके हैं।

## झालसा के निर्देश पर चाईबासा मंडल कारा का किया गया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चाईबासाः** सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट से पारित आदेश एवं झालसा के निदेर्शानुसार गठित जिला स्तरीय जांच दल के द्वारा मंडल कारा में मंगलवार को जांच अभियान चलाया गया। जांच दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शामिल किया गया था।
इस संयुक्त जांच अभियान में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज मौहम्मद शाकिर , एसपी आशुतोष शेखर,प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह, सिविल सर्जन मांझी , कार्यपालक इंजीनियर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, , प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल थे।
जांच दल में शामिल अधिकारियों ने जांच के क्रम में चाईबासा मंडल



कारा में रह रहे प्रत्येक बंदियों से बातचीत की तथा उनसे जानकारी ली गई कि क्या उन लोगो के साथ जाति, धर्म या लिंग के आधार पर कारा में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। साथ ही खान-पान एवं पढ़ाई लिखाई या इलाज में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। इस पर सभी बंदियों ने बताया कि उनके साथ किसी तरह का कोई भी भेदभाव नहीं किया जाता है तथा वे सभी एक साथ भोजन करते हैं तथा अध्ययन कक्ष में भी एक साथ पढ़ाई करते हैं।
इसके बाद पीडीजे, एसपी व अन्य अधिकारियों ने मंडल कारा के बंदी पुस्तिका का भी अवलोकन किया।
अधिवक्ता के विषय में बंदियों ने बताया कि सभी का अपना-अपना वकील है।
उन्होंने यह भी बताया की डालसा के विजिटर अधिवक्ता नियमित रूप से जेल आते हैं और बंदियो से मुलाकात कर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने दी।

## झालसा के निर्देश पर सिमडेगा मंडलकारा का किया गया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट से पारित आदेश एवं झालसा के निदेर्शानुसार गठित जिलास्तरीय जांच दल के द्वारा मंडल कारा में मंगलवार को जांच अभियान चलाया गया। जांच दल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शामिल किया गया था।
इस संयुक्त जांच अभियान में प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,एसपी सौरभ,प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र,प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी,महिला अधिकार कार्यकर्ता पुष्पा कुमारी,चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल थे। जांच दल में शामिल अधिकारियों ने जांच के क्रम में



सिमडेगा मंडल कारा में रह रहे प्रत्येक बंदियों से बातचीत की तथा उनसे जानकारी ली गई कि क्या उन लोगो के साथ जाति,धर्म या लिंग के आधार पर कारा में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। साथ ही खान-पान एवं पढ़ाई लिखाई या इलाज में किसी तरह का कोई भेदभाव किया जाता है। इस पर सभी बंदियों ने बताया कि उनके साथ किसी तरह का कोई भी भेदभाव नहीं किया जाता है तथा वे सभी एक साथ भोजन करते हैं तथा अध्ययन कक्ष में भी एक साथ पढ़ाई करते हैं।
इसके बाद पीडीजे,एसपी व अन्य अधिकारियों ने मंडल कारा के बंदी पुस्तिका का भी अवलोकन किया तथा पाया कि इस बंदी पुस्तिका में भी बंदियों के जाति से संबंधित कोई कॉलम नहीं है और न ही जेल प्रशासन द्वारा बंदी पुस्तिका में किसी भी बंदी का जाति धर्म उल्लेखित है। वकील के विषय में बंदियों ने बताया कि सभी का अपना-अपना वकील है। उन्होंने यह भी बताया की डालसा के विजिटर अधिवक्ता नियमित रूप से जेल आते हैं और बंदियो से मुलाकात कर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करते हैं।

### पुत्रवधू ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**गिरिडीहः** जिला के बगोदर में पुत्रवधू के द्वारा ससुर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। साथ ही वह सहायक अध्यापक भी है। उसके खिलाफ पुत्रवधू के द्वारा सोमवार को बगोदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। आरोपी के खिलाफ पुत्रवधू के द्वारा सोमवार को बगोदर थाना में मामला दर्ज कराया गया। पीड़िता ने बताया कि रविवार को रात्रि में वह घर पर अकेली थी। उसके पति और सास जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए चाचा के घर गये हुए थे। घर में अकेली होने के मौके का फायदा उठाकर ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुत्रवधू ने बताया कि वह विरोध करती रही मगर उसका असर ससुर पर बिल्कुल नहीं पड़ा। इधर दुष्कर्म के आरोपी सहायक अध्यापक ने बताया कि पुत्रवधू के द्वारा उसे फंसाया जा रहा है। वह दूसरे लड़के से फोन पर बात करती रहती थी, जिसका मेरे द्वारा विरोध किया गया था।

## कार्मिक विभाग के लिए कार्मिक डीआईजी वरदान साबित हुए



**विनय मिश्रा**

भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए चर्चा होने पर कार्मिक सह बजट डीआईजी नौशाद आलम का नाम स्वतः जुंबा पर चला आता है।
1 जनवरी 2024 को कार्मिक डीआईजी के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले नौशाद आलम ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष के दौरान ही कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया जिन्हें वर्षों पूर्व क्रियान्वयन होना था ।
सेवानिवृत्ति के पश्चात पदौन्नति ,पुलिस निरीक्षकों को सामुहिक तौर पर डीएसपी पद पर पदस्थापना, सिपाही से सहायक अवर पुलिस निरीक्षक पद पर पदौन्नति दिया जाना मुख्य रूप से शामिल है इसके अलावा गंभीर रोग से जूझ रहे पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी के चिकित्सा के लिए जरूरी और आवश्यकता अनुरूप उन्हें तत्काल आर्थिक रूप से सहायता और मदद भी मिलना कार्मिक और बजट विभाग के तत्परता और संवेदना का प्रत्यक्ष और बेहतर उदाहरण है। कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम का स्पष्ट मानना है कि विभाग अधीन कार्यों को सलाह बेहतर तरीके और ससमय पूर्ण करने के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों की आकांक्षा के अनुरूप विभाग के द्वारा अपने दायित्वों का पूर्ण रूपेण निर्वाह किया जा रहा है।
श्री आलम जैसे पुलिस अधिकारी से राज्य और विभाग दोनों गौरवान्वित हैं।

### निरसा थाना और साइबर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

धनबादः साइबर थाना पुलिस और निरसा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर निरसा थाना अंतर्गत पीठाकियारी में संयुक्त छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है. इस दौरान पुलिस टीम ने कई अहम कागजात, 10 मोबाइल और 16 सिम कार्ड जब्त किया है. इस कार्रवाई की पुष्टि निरसा के एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने की है.
एसडीपीओ ने बताया कि जिले में साइबर अपराधियों की सक्रियता की सूचना पर धनबाद एसएसपी के निर्देश पर निरसा थाना क्षेत्र के पीठाकियारी तालाब के पीछे छोटकू रविदास के घर में छापेमारी की गई. इस दौरान तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में मुकेश रविदास, लक्ष्मण रविदास और सुखदेव रविदास शामिल हैं.तीनों साइबर अपराधी धनबाद जिले के रहने वाले हैं. पुलिस ने साइबर अपराधियों के पास से कई एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, साइबर ठगी में प्रतियुक्त 10 मोबाइल, 16 सिम कार्ड और जरूरी दस्तावेज जब्त किया है. पूछताछ में गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने साइबर अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है.
साथ ही पूछताछ के क्रम में साइबर अपराधियों ने बताया कि उनके अन्य सहयोगियों द्वारा उन्हें मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया जाता था. जिससे ठगी कर पैसा साथियों के खाते में डलवाते थे. साथियों द्वारा उक्त पैसे को निकाल कर 40 प्रतिशत काट कर शेष बची राशि को इन लोगों को दे दिया जाता था. पुलिस बाकी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. आरोपियों के पास से प्रतिबिंब में प्लोटेड एक सिम कार्ड भी बरामद किया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने तेलंगाना और तमिलनाडु में भी कई साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया है. छापेमारी टीम में निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, साइबर थाना के इंस्पेक्टर विश्वजीत ठाकुर, साइबर थाना के इंस्पेक्टर कुंदन कुमार सिंह, निरसा थाना के सुमन कुमार कंठ और निरसा थाना के कई जवान शामिल थे.

## एचएमपीवी वायरस को लेकर मेडिकलकर्मियों को निर्देश, एम्स देवघर और जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघरः** कुछ वर्ष पहले पड़ोसी देश चीन से फैला कोरोना वायरस ने भारत के साथ साथ पूरी दुनिया में तबाही मचाई। एक बार फिर से चीन से ही एक नया वायरस भारत में दस्तक दी है। भारत में इन दिनों एचएमपीवी वायरस के संक्रमण के मामले मिले हैं। इसको लेकर झारखंड का स्वास्थ्य महकमा भी अपनी ओर से तैयारियों में जुटा है।
भारत में एचएमपीवी वायरस से ग्रसित कई मरीज पाए गए हैं। इस खतरे को देखते हुए देवघर जिला स्वास्थ्य विभाग भी सुरक्षा के दृष्टि से जिला के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है।देवघर सिविल सर्जन डॉक्टर युगल प्रसाद चौधरी ने बताया कि यह वायरस छोटे बच्चों और बुजुर्गो के लिए ज्यादा खतरनाक है। इसमें एहतियात बरतने के लिए कोविड गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है। जिस तरह से कोरोना में मास्क, हैंड सैनिटाइजिंग और सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखा जा रहा था। उसी प्रकार इस वायरस से बचने के लिए भी बच्चे और बुजुर्ग अपना ख्याल रखें।
देवघर के सिविल सर्जन ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों और जिला के सारे सीएचसी और पीएचसी में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारियों को




ऑक्सीजन युक्त बेड तैयार करने का निर्देश दे दिया गया है। वहीं मरीज के बेड तक ऑक्सीजन पहुंचाने वाले पाइप की रिपेयरिंग को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं कोरोना काल के दौरान बनाए गए पीएसए प्लांट की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा अस्पताल के दवा भंडार में सर्दी, खांसी व जनरल इन्फेक्शन के टैबलेट की पूर्ति को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।
वहीं जिला अस्पतालों के साथ-साथ एम्स देवघर में भी एचएमपीवी वायरस को लेकर अस्पताल प्रबंधन सजग है। एम्स निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि एचएमपीवी वायरस को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार से जो भी गाइडलाइन दिए गये हैं, उनका पालन किया जा रहा है। साथ ही एहतियात के तौर पर मेडिकल स्टाफ को कई दिशा-निर्देश दिए गये हैं।
एम्स के निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि अभी तक पूरे देश में पांच मरीज चिन्हित हुए हैं। जिसमें एक मरीज पश्चिम बंगाल में भी पाए गए हैं। इसको देखते हुए पूरे एम्स अस्पताल में गाइडलाइन को पालन करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं और विपरीत परिस्थिति के लिए तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इस बीमारी में वैसे मरीज को ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है जो हार्ट या लंग्स की बीमारी से ग्रसित है। इसके अलावा किडनी ट्रांसप्लांट के मरीजों को भी इस वायरस से परहेज करके की आवश्यकता है।
बता दें कि वर्ष 2020 से 2022 तक दुनिया के साथ पूरे भारत के साथ-साथ झारखंड में भी लाखों लोग कोरोना वायरस से परेशान रहे। लंबे संघर्ष के बाद लोगों को कोरोना वायरस से राहत मिली लेकिन वर्ष 2025 के शुरूआत में ही एक और वायरस ने लोगों को डराना शुरू कर दिया है। इसीलिए डॉक्टर के सलाह के अनुसार लोग अपनी सुरक्षा का ख्याल रखें ताकि एचएमपीवी वायरस से लोगों को ज्यादा नुकसान ना हो सके।